दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती



स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

वर्ष : 12 | अंक : 151 | लखनऊ, 24 मई, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### जिमखाना क्लब 5 जून तक खाली करें



नई दिल्ली। देश के सबसे प्रतिष्ठित क्लबों में से एक दिल्ली जिमखाना क्लब जल्द ही इतिहास बन जाएगा। केंद्र ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास 7 लोक कल्याण मार्ग से सटी सार्वजनिक भूमि पर स्थित क्लब को 5 जून तक परिसर खाली करने का आदेश दिया। सरकार ने कहा है कि 27.3 एकड़ का यह भूखंड 'रक्षा बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है।

### राज्यसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष बने चड्ढा



नई दिल्ली। आप पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। चड्ढा को उच्च सदन यानी राज्यसभा की याचिका समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इस समिति का पुनर्गठन करते हुए इसमें दस सदस्यों को नामांकित किया है। यह नियुक्ति तत्काल लागू हो गई है।

### बच्ची का अपहरण और मर्डर, आरोपी गिरफ्तार



कोयंबटूर। कोयंबटूर की सुलूर पुलिस ने सुलूर के कन्नमपालयम के पास एक 10 वर्षीय बच्ची के अपहरण और हत्या के आरोप में शनिवार तड़के 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया हैबच्ची गुरुवार शाम को अपने घर के पास एक किराने की दुकान पर गई थी। इसी दौरान आरोपी ने दोपहिया वाहन पर उसका अपहरण कर बाद में हत्या भी कर दी।

### फंदे पर मिली महिला, बीमा के लिए पति पर आरोप



खम्मन। तेलंगाना के खम्मन जिले के तिरुलायपालेम मंडल के गोल थंडा गांव में शादीशुदा महिला संदिग्ध हालात में मृत पाई गई। मृतक की पहचान बनोथ मीनाक्षी के तौर पर हुई। पुलिस ने बताया कि उसका शव उसके घर पर लटका हुआ मिला। परिवार वालों का आरोप है पति ने बीमा के लिए हत्या कर दी और उसकी मौत को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की।

### शिअद में कलह तेज 3 गुटों में बंटी पार्टी



खडूर साहिब। 2027 के चुनावों में अपने बलबूते सरकार बनाने का दावा करते हुए शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने आप छोड़कर आई रमनदीप कौर शेरों को खडूर साहिब का हलका इंचार्ज लगाया तो पार्टी में बखेड़ा पैदा हो गया। नतीजन शिअद तीन गुटों में बंट गया। तीनों ही नेता अपने हठ पर कायम हैं। पार्टी में कलह बढ़ रही है।

## रोजगार मेले में 51,000 युवाओं को पीएम मोदी ने दिए नियुक्ति पत्र

# देशभर के युवा 'विकसित भारत' की बढ़ती यात्रा को गति देने में अहम भूमिका निभा रहे

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 19वें रोजगार मेले में अलग-अलग सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि भारत के युवा 'विकसित भारत' की ओर बढ़ रही यात्रा को गति देने में एक अहम भूमिका निभा रहे हैं।

'रोजगार मेला' युवाओं को नए अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देशभर के हजारों युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस उपलब्धि के लिए मैं सभी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नवनियुक्त युवाओं से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज आप सभी देश की विकास यात्रा में अहम जिम्मेवार भागीदार बन रहे हैं। रेलवे, बैंकिंग, डिफेंस, हेल्थ, एजुकेशन और दूसरे कई क्षेत्रों में आप सभी नई जिम्मेदारियां संभालने जा रहे हैं। आने वाले वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में आप सभी अहम भूमिका निभाने वाले हैं।

### पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से युवाओं से संवाद भी किया



प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया

### दुनिया भारत के युवाओं और टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित दिख रही

पीएम मोदी ने कहा कि अभी दो दिन पहले मैं पांच देशों की यात्रा करके लौटा हूं। कहने को तो ये सिर्फ पांच देशों की यात्रा थी, लेकिन इस दौरान मेरी दर्जनों देशों की बड़ी बड़ी कंपनियों के लीडर्स से बातें हुईं, विस्तार से चर्चा हुईं। इस दौरान हर जगह मैंने एक बात समान रूप से महसूस की है। दुनिया भारत के युवाओं और भारत की टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित है। आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है।

### देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिलना चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि भारत भी दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले और उनका सामर्थ्य खिल उठे। साथ ही साथ, मैं चाहता हूं कि देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले।

### देश के कई क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे

उन्होंने कहा कि आज स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, हरित हाइड्रोजन और टिकाऊ विनिर्माण से जुड़े क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इनसे जुड़ी साझेदारी एक नई अर्थव्यवस्था के नए अवसर के दरवाजे खोल रही हैं। स्वीडन, नॉर्वे और इटली जैसे देशों के साथ 'ग्रीन ट्रांजिशन एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी' में भी सहयोग बढ़ रहा है। ये भारत को क्लीन मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी फ्यूचर इंडस्ट्री में मजबूत करेगा।

### हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। ये संकल्प, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज देश अलग-अलग क्षेत्र में निवेश कर रहा है और इस निवेश से देश के युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर बन रहे हैं।

### एआई से लेकर ग्रीन टेक्नोलॉजी तक युवाओं को मिलेगा लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि विदेश यात्रा के दौरान नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल (वाटर), कृषि और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग , नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और समुद्रीसहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। यूएई के साथ रणनीतिक ऊर्जा और तकनीकी साझेदारी पर विस्तार से बातचीत हुईइटली से रक्षा, क्रिटिकल मिनरल्स, विज्ञान और तकनीक जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी के समझौते हुए। इन सभी समझौतों का लाभ भारत के युवाओं को मिलने वाला है।

### सेमीकंडक्टर तकनीक से वैश्विक नेतृत्व की ओर

उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य विकसित भारत 2047 के विजन के साथ आगे बढ़ना है। इसके लिए देश हर क्षेत्र में लगातार निवेश कर रहा है, जिससे नए रोजगार पैदा हो रहे हैं। खासकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में पूरी सप्लाई चेन तैयार की जा रही है और भारत की 10 प्रमुख सेमीकंडक्टर इकाइयां पहचान बनाएंगी।

## कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की नेशनल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में बोले राहुल

# बदलने वाली है देश की सियासत जल्द ही सरकार 'घुटनों' पर होगी

अब सियासत का केंद्र अमीर-गरीब के बीच होगा न कि धर्म के आधार पर



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कुछ महीनों में देश की राजनीति बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से सरकार घुटनों पर आ जाएगी और सियासत का केंद्र अमीर-गरीब हो जाएगा। राहुल ने ये सारी बातें कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग की नेशनल एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में कहीं।

- अल्पसंख्यकों के खिलाफ घटनाओं पर निडर हो आवाज उठाएं

दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में हुई इस बैठक में अल्पसंख्यक समाज से आने वाले कांग्रेस के करीब 50 नेता मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि इसी बैठक में राहुल ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में देश की राजनीति बदलने वाली है. आर्थिक संकट से सरकार घुटनों पर आ जाएगी. सियासत का केंद्र हिंदू-मुसलमान नहीं, बल्कि अमीरी-गरीबी बनेगा।

### पार्टी नेताओं को दिशा-निर्देश भी जारी किए

बताया जा रहा है कि राहुल ने पार्टी के नेताओं को निर्देश दिया है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाली घटनाओं पर निडर होकर आवाज उठाएं। कांग्रेस के रिसर्च डिपार्टमेंट के प्रमुख राजीव गौड़ा ने कहा कि आज भारत की जनता यह देख रही है और सोच रही है कि सबसे पहले 'शतक' कौन लगाएगा? पेट्रोल की कीमत या रुपया-डॉलर का भाव?

### 'साझी शहादत-साझी विरासत' अभियान चलाएगी कांग्रेस

सांसद और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बैठक में कहा कि अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचार के मामलों में उनकी टीम तत्काल क़ानूनी कार्रवाई के लिए तत्पर रहेगी। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की काट के लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस आने वाले दिनों में 'साझी शहादत-साझी विरासत' के नाम से देशव्यापी अभियान चलाने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई। अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी इस अभियान की अगुवाई करेंगे।

## दिल्ली में प्रदूषण कम करने की पहल

# कीर्तिनगर में पहली बार डस्ट कैचर मशीनें हवा साफ करेंगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



दिल्ली के कीर्तिनगर में प्रदूषण कम करने पोल माउंटेड डस्ट कैचर मशीनें लगाई गई हैं। पहली बार इन मशीनों को लगाया है। प्रयोग के तौर पर अभी 21 मशीनें लगाई हैं। इसे स्ट्रीट लाइट के पोल में लगाया गया है। यह एक फिल्टर लेस मशीन है, जिससे धूल और धुआं दोनों साफ किया जा सकता है। एक मशीन 1 घंटे में 3 लाख लीटर हवा को शुद्ध करेगी।

### हवा में मौजूद पोल्यूटेंट को करेंगी इकट्ठा

मशीन में एक बॉक्स लगा हुआ है, जिसमें हवा में मौजूद पोल्यूटेन्ट को इकट्ठा किया जाता है। जब इस बॉक्स में 2.5 किलो पोल्यूटेन्ट जमा हो जाता है तो कंट्रोल सेन्टर में संदेश चला जाता है। उसके बाद उस बॉक्स को बदल दिया जाता है। इसके बाद मशीन फिर से काम करने लगती है। जो इस मशीन के द्वारा जमा किया जाता है, उसे कम्प्रेस करके ईंट बना लिया जाता है।

## पीएम मोदी पर अमर्यादित टिप्पणी

# अजय के साथ 30 समर्थकों पर एफआईआर, सौंपी 'पेन ड्राइव'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



जिले में अपहरण व दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली नीट की तैयारी कर रही छात्रा से मिलने आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य और अधिवक्ता नीरज रावत की तहरीर पर अजय राय, बृजराज सिंह समेत 30 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज

ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने में मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने वायरल वीडियो की पैन ड्राइव पुलिस को साक्ष्य के तौर पर सौंपी। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर सरकारी कार्य में बाधा समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मुख्यमंत्री सुवेंदु ने पारदर्शिता लाने के कदम उठाए

# भर्ती परीक्षाओं में अब परीक्षार्थियों को दी जाएगी ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने बड़ा कदम उठाया है। अब से परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। सीएम अधिकारी ने मध्य कोलकाता के सियालदह में सरकार की ओर से आयोजित एक रोजगार मेले में यह घोषणा की। उन्होंने कहा, हर युवा उम्मीदवार को कार्बन कॉपी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। अभी कार्बन कॉपी नहीं दी जाती थीं।

### सियालदेह में रोजगार मेले में यह बात कही

### बंगाल में रुकी 61 रेल परियोजनाओं शुरू



सुवेंदु ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार के असहयोग के कारण रुकी हुई 61 रेल परियोजनाओं को पूरा करने के लिए संबंधित विभागों को रेलवे को अविलंब भूमि सौंपने का निर्देश दिया है।

### हर गरीब को मिलेगा फ्री इलाज, खुलेगा एम्स

सुवेंदु ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के साथ अहम वर्चुअल बैठक की। बंगाल की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 2103 करोड़ आवंटित किए गए। सुवेंदु ने कहा जुलाई से राज्य में आयुष्मान भारत कार्ड देने का काम शुरू हो जाएगा। नया एम्स भी खोला जाएगा।

## गोयल ने कहा- विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करेंगे

# 33,660 करोड़ का बजट तय, 4 माह में राज्य आवेदन दें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्र सरकार ने राज्यों को भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) के तहत 50 औद्योगिक पार्क स्थापित करने का अवसर दिया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 33,660 करोड़ का बजट तय किया है। राज्यों से आवेदन करने के लिए 4 महीने समय दिया है। यह पहल देश में विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा तैयार करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 मार्च को देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित करने की इस योजना को मंजूरी दी थी। इसका मुख्य लक्ष्य विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा देना है।

**50** औद्योगिक पार्क पहले बनेंगे

**20** पार्क पहले 2 माह में बनेंगे

**30** पार्क इसके 2 माह बाद बनेंगे

**50** अंतिम चरण में होंगे स्थापित

### देश भर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे

### चयन प्रक्रिया चुनौती विधि के माध्यम से होगी





योजना के तहत 100 से 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रति एकड़ एक करोड़ तक की वित्तीय सहायता मिलेगी। पहाड़ी राज्यों के लिए 25 एकड़ भूमि पर भी पार्क होंगे। चयन प्रक्रिया चुनौती विधि से होगी।

### निजी साझेदारी का प्रावधान

योजना में राज्यों के लिए निजी खिलाड़ियों के साथ साझेदारी का भी प्रावधान है। ऐसे प्रस्तावों के लिए केंद्र प्रति एकड़ 50 लाख की सहायता देगा।गोयल ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

### औद्योगीकरण बढ़ेगा

भव्य योजना क्लस्टर आधारित विकास को बढ़ावा देगी। यह उद्योगों, आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं के सह-स्थान को सक्षम बनाएगी। इससे घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाएं मजबूत होंगी और क्षेत्रीय औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा। यह लाखों लोगों के लिए नए अवसर पैदा करेगी। विनिर्माण इकाइयों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप और वैश्विक निवेशकों को इसका लाभ मिलेगा।

## एयर टर्बुलेंस में फंसा विमान

# एक घंटे तक थमी रही 160 यात्रियों की सांसें, जान आई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में रवाना हुआ एक विमान शनिवार को दोहरे संकट में फंस गया। दिल्ली का मौसम खराब होने के कारण विमान को वहां उतरने की अनुमति नहीं मिली। दूसरा विमान जब आसमान में चक्कर काट रहा था तो हवा के तेज झोंके में फंस गया। इससे विमान यात्री कुछ देर के लिए भयभीत हो गए। हालांकि करीब एक घंटे आसमान में चक्कर काटने के बाद विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने की अनुमति मिल गई। एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान आईएक्स-1167 ने शनिवार को सुबह 7:50 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान भरा था। यह विमान 7:40 बजे दिल्ली वायुसीमा क्षेत्र में दाखिल हुआ तो वहां के एटीसी ने बताया कि खराब मौसम के कारण विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बताया जा रहा है कि इसमें 160 यात्री सवार थे। करीब एक घंटे के बाद यात्रियों की सांस मिली।

## स्कूटी सवार स्वास्थ्यकर्मी की दुर्घटना में मौत, स्कूटी फिसलने से हुई मौत

**पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना पासी चौराहे की घटना**

अमन लेखनी समाचार




पीजीआई ।पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग में किराए पर रहने वाले एक स्वास्थ्य कर्मी की स्कूटी से गिरकर शुक्रवार देर रात मौत हो गई। वह घर का सामान लेकर घर लौट रहे थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक स्कूटी के नीचे पत्थर का टुकड़ा या गड्ढा आने से हादसा हो गया । सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस उन्हें ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से जौनपुर निवासी 40 वर्षीय सुरेश पाल, जनपद उन्नाव के अस्पताल में ऑडियोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत थे। वह अपनी पत्नी श्वेता और 4वर्ष की बेटी के साथ तेलीबाग स्थित शनिदेव मंदिर के पास किराए पर रहते थे। मृतक के जीजा लालचंद्र पाल ने बताया कि सुरेश वृंदावन कॉलोनी के सेक्टर-19 में अपना मकान बनवा रहे थे। जल्दी ही मकान की छत पड़ी थी, शुक्रवार को वह घर के गेट के लिए प्राइमर लेकर शाम करीब साढ़े सात बजे निमार्णाधीन मकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पासी चौराहे के पास स्कूटी के नीचे पत्थर का टुकड़ा आ गया। इससे वाहन फिसल गया और वह सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार सुरेश ने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन हादसे में उनके सीने में गंभीर चोट लगी थी। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और मासूम बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में जल्द गृह प्रवेश की तैयारी थी, वहां अब मातम पसरा है।

# गांवो मे आवागमन हुआ आसान, आर्थिक गतिविधियों को मिला बढ़ावा-केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांवों में आवागमन के लिए आन्तरिक गलियों को बेहतर तरीके से सही कराया जाय। सड़कों, पुलियों और पैदल मार्गों के निर्माण ने न केवल रोजगार के अवसर पैदा किए हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों को मुख्यधारा से जोड़कर उनकी जीवनशैली में सुधार किया है। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मार्गों (सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, चकरोड) का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इनके निर्माण से आवागमन सुगम हुआ है एवं ग्राम पंचायतों में स्वच्छता भी बढ़ी है ।ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों और नालों के कारण आवागमन में असुविधा न हो और खासकर मानसून के दौरान । इसलिए मनरेगा के तहत पुलियों का निर्माण किया गया है, जिससे हर मौसम में कनेक्टिविटी निश्चित हुई है। उन गांवों में जहां वाहनों के लिए बड़ी सड़कें बनाना संभव नहीं है, मनरेगा के तहत पैदल मार्ग और छोटे संपर्क मार्ग बनाए गए हैं। ये मार्ग विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए उपयोगी हैं, जो स्कूल, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य सुविधाओं तक पहुंचने के लिए इनका उपयोग करते हैं। ग्रामीण सड़कों की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए जल निकासी प्रणाली का निर्माण महत्वपूर्ण है। मनरेगा के तहत सड़कों के किनारे नालियों का निर्माण किया गया है, जिससे बारिश के दौरान सड़कों को नुकसान नहीं पहुंचता। बेहतर सड़क नेटवर्क ने ग्रामीण उत्पादों, जैसे सब्जियों, अनाज और दूध, को बाजारों तक पहुंचाने में मदद की है। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिला है ।ग्रामीण कनेक्टिविटी परियोजनाओं ने स्थानीय श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया है। बेहतर कनेक्टिविटी ने ग्रामीण समुदायों, विशेषकर महिलाओं और अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों, को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मनरेगा (वीबी जी राम जी) के तहत उत्तर प्रदेश में ग्रामीण आन्तरिक गलियों और संपर्क मार्गों के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बीते 5 साल 2021-22 से अब तक में योजनांतर्गत 3.61 लाख से ज्यादा ग्रामीण संयोजकता के कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। आयुक्त, ग्राम्य विकास जी0 एस0 प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में ग्रामीण कनेक्टिविटी कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ आधारभूत संरचनाओ का विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, जो देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, में मनरेगा के तहत ग्रामीण कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। ये कार्य न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों को शहरी केंद्रों और बाजारों से जोड़कर उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाते हैं। ग्रामीण कनेक्टिविटी कार्यों में मुख्य रूप से ग्रामीण सड़कों का निर्माण, मरम्मत और रख-रखाव, नालियों का विकास शामिल है। ये कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाते हैं, जिससे किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों को बाजारों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलती है। उत्तर प्रदेश में, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क की कमी एक बड़ी चुनौती रही है, मनरेगा ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को मिल रहे नए अवसर : केशव प्रसाद मौर्य

अमन लेखनी समाचार


लखनऊ ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश का युवा आज नए अवसरों, आत्मविश्वास और सशक्त भविष्य की ओर निरंतर अग्रसर है। केंद्र सरकार द्वारा युवाओं को पारदर्शी एवं त्वरित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना, विकसित भारत के संकल्प को नई गति प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि रोजगार सृजन एवं युवाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न केंद्रीय विभागों में नियुक्ति-पत्र प्रदान किए हैं। श्री मौर्य ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, आत्मनिर्भर भारत और रोजगारपरक व्यवस्था को मजबूत बनाने हेतु प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जा रहे प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी एवं सराहनीय हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी नवनियुक्त युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**किसानों की आय बढ़ाने एवं युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत 05 परियोजनाएं एस.एल.ई.सी. हेतु संस्तुत**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं के लिए अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यह सेक्टर न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उप मुख्यमंत्री ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, अनुदानों एवं प्रोत्साहनों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी एल मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत गठित अप्रेजल समिति की बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निवेशकों ने अपने प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण किया तथा विभागीय अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अवगत कराया गया कि ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त 06 नवीन प्रस्तावों को अप्रेजल समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। परीक्षण उपरांत एक प्रस्ताव को अपूर्ण पाए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया, जबकि 05 प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों के साथ राज्य स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी (एस.एल.ई.सी.) के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की संस्तुति की गई। समिति द्वारा जिन परियोजनाओं को संस्तुत किया गया, उनमें कानपुर देहात में काबोर्नेट वाइन निर्माण इकाई, मुजफ्फरनगर में ऑर्गेनिक जैगरी क्यूब्स एवं ब्राउन/व्हाइट शुगर इकाई, एटा में चिकोरी प्रसंस्करण इकाई, बाराबंकी में फ्रोजन फूड्स एवं वेजिटेबल प्रसंस्करण इकाई तथा हाथरस में कुट्टू एवं सौंफ प्रसंस्करण इकाई की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि संबंधित इकाइयां स्थानीय कृषकों से प्राथमिकता के आधार पर कच्चे माल की खरीद सुनिश्चित करें। साथ ही, निवेशकों को फायर सेफ्टी, प्रदूषण नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक तकनीकी अनापत्तियां सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी होंगी। अपर मुख्य सचिव बी. एल. मीणा ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से कृषि आधारित उद्योगों को गति मिलेगी, किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

## विवादित ढांचे के पास सुहेलदेव आर्मी द्वारा कराया गया हनुमान चालीसा पाठ

**मलिहाबाद में पुराने ढांचे को लेकर दो समुदायों में विवाद गहराया**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सुहेलदेव आर्मी की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन शनिवार को एसडीएम मलिहाबाद को सौंपकर महाराजा कंस पासी के ऐतिहासिक किले एवं प्राचीन मंदिर स्थल को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की मांग की गई। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि महाराजा कंस पासी ने हिंदू धर्म एवं सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। संगठन का आरोप है कि मलिहाबाद क्षेत्र के कसमंडी कला स्थित उनके ऐतिहासिक किले एवं लगभग एक हजार वर्ष पुराने प्राचीन मंदिर स्थल पर अवैध कब्जा किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों एवं सनातन धर्म मानने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। सुहेलदेव आर्मी अध्यक्ष योगेश पासी ने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर में स्थापित प्राचीन शिवलिंग को भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। कहा कि स्थानीय लोगों एवं ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार यह स्थल महाराजा कंस पासी के बलिदान और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। इसी इसी क्रम में शनिवार शाम करीब 6:30 बजे सुहेलदेव आर्मी अध्यक्ष योगेश पासी अपने साथियों के साथ विवादित ढांचे के परिसर में पहुंचकर हनुमान चालीसा पाठ करने के लिए आगे बढ़ रहे थे। तभी पुलिस प्रशासन द्वारा उनको रोका गया और तीखी नोंकझोंक के साथियों के साथ विवादित ढांचे के करीब पहुंचकर सनातन ध्वज लगाकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। साथ ही योगेश पासी ने कहा कि जब तक इस विवादित ढांचे में नमाज अदा की जाती रहेगी तब तक उनके और उनके समर्थकों द्वारा हर शनिवार मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पुरातत्व विभाग, राजस्व विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर स्थल की जांच कराई जाए। यदि जांच में अवैध कब्जा एवं निर्माण की पुष्टि होती है तो तत्काल अतिक्रमण हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इससे पूर्व भी लखन आर्मी द्वारा यह मुद्दा उठाया गया था। यह विवाद प्रतिदिन गहराता रहा था जा रहा है। मलिहाबाद के कसमंडी में तनावपूर्ण हालात को देखते हुए प्रशासन ने कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए ढांचे के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल पीएसी को तैनात कर दिया। डीएम विशाख जी और संयुक्त पुलिस आयुक्त आयुक्त बबलू कुमार ने शनिवार को एसडीएम और डीसीपी से बात कर हर हाल में हालात काबू में बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## उत्तर प्रदेश में मजबूत होगी चेतावनी प्रणाली

**मुख्यमंत्री योगी ने दिए त्वरित और जनकेंद्रित मौसम अलर्ट के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

- **13 मई के आंधी-तूफान की समीक्षा, कई जिलों में जारी हुआ था रेड अलर्ट**
- **यूपी में 450 वेदर स्टेशन और 2000 रेन गेज से हो रही मौसम की निगरानी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक सटीक, त्वरित तथा जनकेंद्रित बनाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान समय पर दी गई सही सूचना अनेक लोगों का जीवन बचा सकती है। इसलिए मौसम पूवार्नुमान और चेतावनी तंत्र को केवल तकनीकी व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गांवों और संवेदनशील क्षेत्रों में ह्लास्ट माइल कनेक्टिविटीह्व मजबूत करने, आईवीआरएस, पंचायत स्तर के लाउडस्पीकर, स्थानीय एफएम रेडियो, मोबाइल अलर्ट तथा सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग करने के निर्देश दिए।

बैठक में 13 मई 2026 को आए भीषण आंधी-तूफान की समीक्षा प्रस्तुत की गई। बताया गया कि आईएमडी के मल्टी-हैजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम (एमएचईडब्ल्यूएस) द्वारा इस घटना की सात दिन पहले से निगरानी की जा रही थी। प्रारंभ में येलो वार्निंग जारी की गई, जिसे बाद में ऑरेंज वार्निंग तथा कई जिलों में रेड अलर्ट में अपग्रेड किया गया। चेतावनियों में तेज आंधी, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार वाली हवाओं की आशंका जताई गई थी। कई स्थानों पर हवा की गति 80 से 130 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज की गई। बैठक में बताया गया कि भदोही, प्रयागराज, फतेहपुर, लखनऊ, मिजार्पुर, रायबरेली, कानपुर नगर और उन्नाव सहित अनेक जिलों के लिए 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक की हवा चलने संबंधी नाउकास्ट अलर्ट जारी किए गए थे। ह्लसचेतह्न प्लेटफॉर्म के माध्यम से कलर-कोडेड अलर्ट जिला प्रशासन, डीडीएमए, आपदा मित्रों और संबंधित विभागों तक पहुंचाए गए। प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय मोबाइल फोनों पर एसएमएस आधारित चेतावनियां भी भेजी गईं। पूरी घटना के दौरान लगातार एसएमएस अलर्ट जारी किए गए। स्थानीय टीवी चैनलों, एफएम रेडियो, व्हाट्सएप समूहों, ग्राम प्रधानों, लेखपालों तथा आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से भी व्यापक स्तर पर सूचना प्रसारित की गई। मुख्यमंत्री ने मौसम संबंधी पूर्व सूचना मिलने के बाद संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेतावनी जारी करने के साथ-साथ लोगों में सुरक्षित व्यवहार को लेकर जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। उन्होंने स्कूलों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही पेड़ों, बिजली के खंभों, होर्डिंग्स और कमजोर अस्थायी संरचनाओं की संवेदनशीलता का स्थानीय स्तर पर आकलन कर एसओपी तैयार करने को कहा।

बैठक में बताया गया कि आईएमडी की ओर से डॉप्लर वेदर रडार, ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस), ऑटोमैटिक रेन गेज स्टेशन (एआरजी), लाइटनिंग सेंसर, सैटेलाइट इमेज तथा न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन मॉडल्स के माध्यम से प्रदेश में मौसम की लगातार निगरानी की जा रही है। मीडियम रेंज फोरकास्ट (4-5 दिन), शॉर्ट रेंज फोरकास्ट (2-3 दिन) तथा नाउकास्ट (3 घंटे तक) स्तर पर थंडरस्टॉर्म और लाइटनिंग गतिविधियों का पूवार्नुमान जारी किया जाता है। प्रदेश में 450 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन तथा 2000 ऑटोमैटिक रेन गेज स्थापित किए जा चुके हैं। अलीगढ़, झांसी, लखनऊ, वाराणसी और आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर रडार स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि बरेली, देवरिया और प्रयागराज में अतिरिक्त रडार लगाने की प्रक्रिया जारी है।

## उप्र मदरसा बोर्ड का रिजल्ट घोषित, 88.26% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

**मदरसा बोर्ड परीक्षा में 55,788 छात्र-छात्राएं सफल, छात्राओं का प्रदर्शन सबसे बेहतर**

अमन लेखनी समाचार



- **सेकेंडरी में 41 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी पास, सीनियर सेकेंडरी में भी बेटियों का दबदबा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा को आधुनिक, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में शनिवार को उप्र मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेंडरी) बोर्ड परीक्षा वर्ष-2026 का परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष मदरसा बोर्ड परीक्षा का कुल परिणाम 88.26 प्रतिशत रहा। कुल 55,788 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। खास बात यह रही कि छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा। कुल 29,229 छात्राएं 94.30 प्रतिशत सफलता दर के साथ पास हुईं, जबकि 26,559 छात्र 85.13 प्रतिशत दर के साथ सफल हुए।

सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें 41,426 परीक्षार्थी सफल रहे। इस परीक्षा का कुल परिणाम 88.07 प्रतिशत रहा। सेकेंडरी में भी छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा है। 21,407 छात्राएं 91.46 प्रतिशत सफलता दर के साथ पास हुईं, जबकि 20,019 छात्र 84.72 प्रतिशत अंक के साथ सफल घोषित किए गए।


वहीं, सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 14,362 छात्र-छात्राएं सफल हुए। इस स्तर पर कुल सफलता प्रतिशत 88.79 रहा। सीनियर सेकेंडरी में 7822 छात्राओं ने परीक्षा पास की, उनका रिजल्ट 90.88 प्रतिशत रहा। जबकि 6540 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इस तरह 86.42 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा को नकलविहीन और तकनीकी निगरानी के बीच सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने परिणाम घोषित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की मूल नीति सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के सशक्तीकरण की आधार नीति को यथार्थ धरातल पर लाने का काम योगी सरकार लगातार कर रही है।

छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट मदरसा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट https:// madarsa board.upsdc.gov.in पर देख सकते हैं। मदरसा बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। योगी सरकार के सख्त इंतजामों के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

## ज्येष्ठ माह के तीसरे शनिवार पर तेलीबाग में सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। तेलीबाग स्थित बल्देव विहार में ज्येष्ठ माह के तीसरे शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। सुंदरकांड पाठ के बाद आयोजित भंडारे में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान क्षेत्र का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी मौजूदगी रही। भंडारे में पार्षद संजीव अवस्थी और पार्षद के.एन. सिंह ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष ज्येष्ठ माह में इस प्रकार के धार्मिक आयोजन किए जाते हैं, जिससे क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक सौहार्द बना रहता है। कार्यक्रम में आशीष तिवारी, प्रिंशु, मुकेश पांडेय, विवेक सिंह, गब्बर सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

## सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के साथ लिखी जा रही पोषण और उज्ज्वल भविष्य की नयी इबारत

**सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पीएम पोषण योजना से बदल रही उत्तर प्रदेश की तस्वीर**

अमन लेखनी समाचार

- **1.42 लाख राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मिल रहा गर्म, ताजा और पौष्टिक भोजन**
- **1.46 करोड़ बच्चों तक पहुंच रही पोषण की शक्ति, शिक्षा और सामाजिक समरसता का मजबूत आधार बनी योजना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ-साथ पोषण, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की नई कहानी लिखी जा रही है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पीएम पोषण योजना) आज प्रदेश के करोड़ों बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह योजना केवल 'मिड-डे मील' तक सीमित नहीं रही, बल्कि 'पोषण से राष्ट्र निर्माण' का व्यापक अभियान बन गई है।

प्रदेश के लगभग 1.42 लाख राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 1.46 करोड़ से अधिक बच्चों को प्रतिदिन गर्म, ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक विकास और नियमित विद्यालय उपस्थिति को सुनिश्चित कर रही है।

**विद्यालयों में बढ़ी उपस्थिति, मजबूत हुआ भरोसा :** पीएम पोषण योजना का सकारात्मक प्रभाव विद्यालयों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। योजना के प्रभाव से नामांकन और उपस्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह योजना बच्चों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**सामाजिक समरसता और समानता का संदेश :** विद्यालयों में एक साथ बैठकर भोजन करने की व्यवस्था सामाजिक समरसता और समानता का भी सशक्त संदेश दे रही है। विभिन्न वर्गों और समुदायों के बच्चे एक साथ भोजन कर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत कर रहे हैं।

**3.53 लाख रसोइयां बनीं पोषण प्रहरी :** प्रदेश में पीएम पोषण योजना के सफल संचालन में 3.53 लाख से अधिक रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये रसोइयां प्रतिदिन स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन तैयार कर बच्चों के स्वास्थ्य की मजबूत आधारशिला रख रही हैं।

**रसोइयों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता :** योगी सरकार ने रसोइयों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त 1000 रुपये अतिरिक्त मानदेय उपलब्ध कराया है। साथ ही, परिधान मद में 500 रुपये प्रति रसोइया की सहायता भी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश की 93 प्रतिशत से अधिक रसोइयों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ा जा चुका है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

**गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष जोर :** प्रदेश सरकार द्वारा पीएम पोषण योजना में गुणवत्ता और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। भोजन की नियमित मॉनिटरिंग के साथ-साथ रसोइयों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। स्वच्छ भोजन निर्माण, पोषण संतुलन और खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

**रसोई से मंच तक पहुंची प्रतिभा :** योगी प्रदेश सरकार रसोइयों को भोजन तैयार करने वाली कार्यकर्ता से आगे बढ़कर 'पोषण प्रहरी' के रूप में पहचान दे रही है। इसी उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में ह्यरसोइया पाक-कला प्रतियोगिताओंह्न का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 3500 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये के अलावा प्रतिभाग करने वाली सभी रसोइयों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। वाराणसी में आयोजित पाक-कला प्रतियोगिता में रसोइयों ने स्वाद, स्वच्छता और पौष्टिकता के उत्कृष्ट समन्वय का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर सरकार ने यह संदेश दिया कि बच्चों के भविष्य को संवारने वालों का सम्मान सर्वोपरि है।

**पोषण से विकसित उत्तर प्रदेश का मजबूत संकल्प :** पीएम पोषण योजना आज उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी मॉडल बन चुकी है। यह योजना बच्चों को बेहतर पोषण, नियमित शिक्षा और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक बेहतर पोषण, प्रत्येक विद्यालय तक गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं और प्रत्येक परिवार तक शिक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास को मजबूत किया जाए। इसी उद्देश्य के अंतर्गत विद्यालयों में पोषण, गुणवत्ता और आधुनिक संसाधनों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। आज विद्यालयों की थालियों में परोसा जा रहा भोजन केवल अन्न नहीं, बल्कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत संकल्प बन चुका है।

## संक्षेप

### मामूली से विवाद को लेकर लाठी डंडे से पीटा हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात किसी बात को लेकर गाली-गलौज का बिरोध करने पर दम्पति पर लाठी डंडे व लोहे की राड से हमला कर दिया जिससे दोनों गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के बरौंकी गांव निवासी इम्तियाज पुत्र इस्माइल की पत्नी तबस्सुम से किसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी जिस पर आरिफ, शरीफ पुत्रगण इस्माइल व नज्जो पत्नी इस्माइल गाली-गलौज करने लगे जिसका इम्तियाज ने बिरोध किया जिस पर लाठी डंडे और लोहे की राड से हमला कर दिया जिससे दोनों गभींर रुप से घायल गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस पीआरवी पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बेकाबू कार की टक्कर से युवक की मौत

#### सड़क किनारे खड़े व्यापारी को रौंदा, नशे में धुत था ड्राइवर



अमन लेखनी समाचार

रायबरेली ,गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक सौरभ अग्रवाल की मौत हो गई। अटौरा चौकी के सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज के पास एक बेकाबू स्विफ्ट डिजायर कार ने सड़क किनारे खड़े युवक को पीछे से टक्कर मार दी। सौरभ अग्रवाल रायबरेली से लालगंज जा रहे थे। सौरभ अग्रवाल पुत्र विजय चंद्र, निवासी 14 प्रभु टाउन, बैलीगंज, रायबरेली को पेशाब लगने पर उन्होंने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी की थी। जैसे ही वह सड़क किनारे गए, नशे में धुत ड्राइवर द्वारा चलाई जा रही स्विफ्ट डिजायर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क से नीचे खाई में जा गिरी ।हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और 108 एंबुलेंस की मदद से सौरभ अग्रवाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतुवा टप्पा ले जाया गया। वहां तैनात डॉक्टर अश्विनी कुमार यादव ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस पूरे मामले में पुलिस ने आरोपी चालक व कर को कब्जे में ले लिया है।

# पुनर्गठन न होने पर गैस एजेंसी अटैच, नही मिला सिलेंडर उपभोक्ताओं ने काटा हंगामा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवाबगंज नगर स्थित भैया जी गैस एजेंसी का समय पर पुनर्गठन न होने के चलते इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने एजेंसी को सोहरामऊ स्थित कामाख्या गैस एजेंसी से अटैच कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं में गैस वितरण व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पुनर्गठन गाइडलाइन के तहत किसी प्रोपराइटर या पार्टनर की मृत्यु अथवा स्थायी अक्षमता की स्थिति में अधिकतम छह माह के भीतर पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक होता है। निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी न होने पर एजेंसी को अस्थायी रूप से अन्य डिस्ट्रीब्यूटरशिप से जोड़ा जा सकता है। गाइडलाइन के मुताबिक मृत्यु की स्थिति में अंतिम नामित व्यक्ति या जीवित पार्टनर अधिकतम छह माह तक अस्थायी रूप से एजेंसी संचालन कर सकते हैं। इस अवधि में पुनर्गठन का प्रस्ताव जमा करना अनिवार्य होता है। जो नही किया गया।

सूत्रों के मुताबिक पुनर्गठन प्रक्रिया लंबित रहने के कारण इंडियन ऑयल ने भैया जी गैस एजेंसी को कामाख्या गैस एजेंसी से संबद्ध कर संचालन की व्यवस्था लागू की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इससे गैस वितरण और बुकिंग व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। हालांकि कंपनी की ओर से उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति बनाए रखने का आश्वासन दिया गया है। लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी अब उपभोक्ताओं को हो रही है।

एजेंसी बंद होने की खबर के बाद इलाके के हजारों गैस उपभोक्ताओं में बेचैनी बढ़ गई है। लोगों को डर है कि कहीं गैस सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित न हो जाए। बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी के बाहर जानकारी लेने भी पहुंचे। इस संदर्भ में जब सोहरामय स्थित कामख्या गैस एजेंसी के संचालक चमन यादव से बात की गई तो बताया अभी हमारे पास भैया जी गैस एजेंसीके अटेचमेंट का कोई लिखित में आदेश नही आया है। कंपनी के मौखिक आदेश पर उपभोक्ताओं की बुकिंग के सिलेंडर नवाबगंज में गाड़ी भेज कर वितरित कराए जा रहे है। उपभोक्ताओं ने बताया तीन बजे तक कोई गाड़ी नही आई थी। जिसको लेकर उपभोक्ताओं ने जमकर बवाल काटा।

# औरास: धूमधाम से मनाया गया एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षाफल वितरण समारोह

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। बेहतरीन पढ़ाई एवं शानदार रिजल्ट के लिए क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय संस्थान ₹एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल, औरास₹ में शिक्षक-छात्र-अभिभावक सम्मेलन (पीटीएम) का आयोजन बेहद धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष राकेश कुमार उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत में संस्थान के संस्थापक अनुज मिश्रा द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं सीनरी भेंट कर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। इसके बाद नगर अध्यक्ष ने कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों एवं सम्मानित अतिथियों को पट्टिका पहनाकर उनका स्वागत किया और बच्चों को प्रगति पत्र (रिजल्ट) सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

हम बच्चों एवं संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण बच्चों की शिक्षा पर ही निर्भर है, अतः सभी अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।

राकेश कुमार, नगर अध्यक्ष (औरास)

इस गौरवपूर्ण अवसर पर संस्थान के संस्थापक अनुज मिश्रा समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ मुस्तैद रहा, जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक अमित मिश्रा, वंदना यादव, अभिषेक मिश्रा, सीमा वर्मा, वंशिका यादव, नेहा मिश्रा, साक्षी त्रिपाठी, अंशिका यादव, शिवानी मौर्य, नंदिनी शर्मा, अनामिका यादव, और आकृति यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक एवं क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भाई बहन को लाठी डंडों से पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के बिजयी खेड़ा रूपऊ गांव में मामूली विवाद के बाद भाई-बहन की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि दबंगों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें अधमरा कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

घायल युवती मालविका ने बताया कि उनकी भैंस आरोपियों के दरवाजे पर चली गई थी। जब वह उसे पकड़ने गईं, तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें पकड़कर घसीटा और अभद्रता की। मालविका के अनुसार, जब उनका भाई रोहित बचाने पहुंचा, तो उसे भी बेरहमी से पीटा गया। मालविका ने आरोप लगाया कि रामशंकर, नागेंद्र और संकल्प नाम के लोगों ने उन पर हमला किया। दोनों भाई-बहन के हाथों में गंभीर फ्रैक्चर आए हैं। डॉक्टरों ने बताया है कि ऑपरेशन के बिना ठीक होना संभव नहीं है। उन्होंने कैमरे पर अपने एक्स-रे भी दिखाए।

घायल रोहित ने बताया कि बहन को बचाने के दौरान उन पर हमला किया गया। उनके दोनों हाथों में कई जगह फ्रैक्चर हैं और शरीर पर भी गंभीर चोटें आई हैं। रोहित का आरोप है कि दबंगों के डर से वे पिछले तीन दिनों से अपने घर नहीं जा पा रहे हैं और रिश्तेदारों के यहां छिपकर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी उनके घर पर कब्जा किए हुए हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# दो सदस्यीय टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। मिशन कायाकल्प के तहत लखनऊ से पहुंची दो सदस्यीय टीम द्वारा स्थानीय अस्पताल का बारीकी से निरीक्षण कर लगभग सभी व्यवस्थाओं की हकीकत परखी गई तथा जिम्मेदारों से सवाल पूछकर रिपोर्ट तैयार की गई।

लखनऊ के अवंतीबाई अस्पताल के डाक्टर वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ सलमान व लोकबंधु अस्पताल प्रबंधक धनंजय सिंह यह दो सदस्यीय टीम लखनऊ से चलकर शनिवार को सुबह करीब 10 बजे गंजमुरादाबाद सी एच सी पहुंची इस दौरान जांच टीम ने ओ पी डी,इमरजेंसी,कोल्ड चैन,दवा स्टोर,प्रसव कक्ष,पैथोलॉजी व टी बी वार्ड आदि सहित अस्पताल की लगभग सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण कर रूपरेखा बनाई साथ रेडियंट वॉर्मर मशीन को चालू कर उसका निरीक्षण किया,पैथोलॉजी में बल्ड जांच संबंधी सवाल पूछे इसी तरह लगभग सभी जिम्मेदारों से उनके कार्यों की भी पूछताछ कर स्थितियों का आंकलन किया साथ ही साफ सफाई व्यस्था पर भी विशेष बल दिया जांच के दौरान अस्पताल स्टाफ में हड़कंप की स्थित बनी रही करीब 4 घंटे तक निरीक्षण के बाद जांच टीम लौटी तब जाकर अस्पताल कर्मियों ने राहत की सांस ली ।इस दौरान प्रभारी डाक्टर मंजेश,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र कुमार, जुहेर अहमद आदि स्टाफ साथ मौजूद रहा जबकि अन्य सभी विभागों के जिम्मेदार कर्मचारी अपने कार्यों में व्यस्त रहे।

# नील गाय को बचाने के चक्कर में कार पलटी बाल बाल बचे सवार

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अचानक नीलगाय आने से एक कार दुर्घटना का शिकार हो गई इस हादसे में नीलगाय की मौत हो गई जबकि कार सवार लोग भी मामूली रूप से चोटिल हुए है किंतु इस हादसे से एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यस्था पर सवाल खड़े होते दिख रहे है। चालक उमर हारून पुत्र मोहमद इशाक निवासी लोकसभा कम्प्लेक्स सेक्टर 2 आर के पूरम दिल्ली एक परिवार की महिला बच्चों को लेकर कार द्वारा आगरा से लखनऊ की तरफ जा रहा तभी शनिवार को सुबह करीब 5 बजे बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव गौरिया कला के निकट बने इंटरचेंज के करीब अचानक एक नीलगाय मुख्य मार्ग पर आकर कार से टकरा गई इस हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि जोरदार टक्कर लगने से नीलगाय की मौत हो गई ।इस हादसे में कार सवार चालक के अलावा आसरा 45 वर्ष पत्नी फौजी,फराज 19 वर्ष पुत्र फौजी व 15 वर्षीय फायला कुल चार लोग चोटिल हो गए जिनका यूपीडा टीम द्वारा मौके पर प्राथमिक उपचार किया गया ।किंतु सुरक्षित सफर के लिए मशहूर एक्सप्रेसवे मार्ग पर नीलगाय पहुंचने से एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भीषण गर्मी व तेज धूप से लोगो की बड़ी मुश्किले


अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शनिवार को भीषण गर्मी और तेज धूप ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। सुबह से ही आसमान से आग बरसती रही और दोपहर होते-होते सड़कें सूनी नजर आने लगीं। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया ।लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। दोपहर के समय शहर की प्रमुख सड़कें और बाजार खाली दिखाई दिए। जो लोग बाहर निकले भी, वे सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर चलते नजर आए। चौराहों और बाजारों में लगे अधिकांश वाटर कूलर खराब पड़े होने से राहगीरों को पीने के पानी के लिए परेशानी हुई ।कई जगह लोग बोतलबंद पानी खरीदकर प्यास बुझाने को मजबूर दिखे। नगर पालिका की ओर से सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त पेयजल व्यवस्था न होने से लोगों में नाराजगी भी देखी गई। गर्मी का असर सबसे ज्यादा बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों पर पड़ रहा है। जिला अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में उल्टी, दस्त, बुखार, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। डॉक्टरों के मुताबिक, तेज धूप में अधिक देर रहने और शरीर में पानी की कमी होने से लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने और दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है ।जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। डॉक्टरों के मुताबिक, तेज धूप में अधिक देर रहने और शरीर में पानी की कमी होने से लोग तेजी से बीमार पड़ रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने और दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है ।इसके साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने भी गर्मी को देखते हुए अस्पतालों में अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, बिजली की बढ़ती मांग के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह लो वोल्टेज और कटौती की समस्या भी सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि बिजली कटौती से कूलर और पंखे बंद होने पर रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है।

# विद्युत आपूर्ति ठप से नाराज उपभोक्ताओं ने किया मार्ग जाम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से नाराज लोगों ने शुक्रवार शाम कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र में हुए इस प्रदर्शन में महिलाओं और पुरुषों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की।

बताया गया कि दो दिन पहले हाईवे पर सीबू सभासद के घर के पास रखा विद्युत ट्रांसफार्मर एक अनियंत्रित ट्रक के पलट जाने से क्षतिग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की जानकारी बिजली विभाग को तुरंत दे दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद विभागीय अधिकारियों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की ।लगातार बिजली न आने से क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी में बेहाल हैं। घरों में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे छोटे बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। लोगों को रात भर गर्मी से जागने को मजबूर होना पड़ रहा है।

शुक्रवार शाम को आक्रोशित महिलाएं, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में हाईवे पर पहुंचे और सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जल्द ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया। काफी देर की मशक्कत के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की बात कही है।

# गर्दन में तार फंसने से बाइक सवार की मौत

#### पत्नी को छोड़कर घर लौट रहा था युवक, दस दिन पहले बेटी की भी हुई थी मौत

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , खेत के पास लगे तार की चपेट में आने से 19 वर्षीय सूरजपाल की मौत हो गई। यह घटना तिलहर थाना क्षेत्र के बराह मोहब्बतपुर में हुई। सूरजपाल अपनी पत्नी को मायके छोड़ने के लिए वाहन में बैठाने के बाद वापस घर लौट रहा था ।हादसा शुक्रवार शाम करीब पांच बजे बिठ्ठलपुर प्रहलादपुर गांव के पास हुआ। सड़क पार कर लगाए गए तार सूरजपाल की गर्दन में उलझ गए, जिससे वह बाइक से गिर गया। उसकी बाइक घिसटती हुई खेत में जा गिरी। कुछ देर तड़पने के बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पहुंची पत्नी उषा भी वापस लौट आई। परिजन मौके पर पहुंचे और शव को घर ले आए। पिता राजपाल ने बताया कि उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों के अनुसार, सूरजपाल की पत्नी ने 7 अप्रैल को एक बेटी को जन्म दिया था। 5 मई को नामकरण की दावत हुई थी, जिसमें बेटी का नाम जमुना रखा गया था। हालांकि, 10 मई को बीमारी के कारण बेटी की भी मौत हो गई थी। इस सदमे से पत्नी अभी उबर भी नहीं पाई थी कि अब पति की मौत हो गई ।सड़कों पर लगाए जाने वाले तारों पर रोक लगेपिता ने कहा कि मेरा सबकुछ उजड़ गया। सूरज जब छोटा था तब उसकी मां सुखरानी की मौत हो गई थी। दादी रामलली ने ही सूरजपाल को पाला था ।दादी ने ही परवरिश की थी। पिता ने कहा कि मेरा इकलौता बेटा था। अब मेरा कोई नहीं बचा ।हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने गांव पहुंचकर परिवार से मुलाकात कर उनको ढांढस बंधाया। परिजनों ने मांग की है कि सड़कों पर लगाए जाने वाले तारों पर रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। इस हादसे के बाद पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

# वार्ड-30 में जल निगम की लापरवाही पर मंत्री सख्त

#### अधिकारियों को भेजा मौके पर, 12 दिन में सड़के ठीक करने का आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर ,जलालनगर वार्ड-30 में जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदकर छोड़ देने के मामले में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कड़ा रुख अपनाया है। यह मामला जलालनगर बाहर चुंगी क्षेत्र की आठ बड़ी कॉलोनियों से संबंधित है, जहां महीनों से खुदी सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। पार्षद रीता राठौर के पति छंगेलाल राठौर ने 22 मई 2026 को दोपहर 12:32 बजे मंत्री सुरेश खन्ना को फोन पर पूरी स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल निगम द्वारा अधिकृत जयपुर की कंपनी ओम इंफ्रा ने आंशिक गदियाना, सैनिक कॉलोनी, अंबेडकर कॉलोनी, जागृति नगर कॉलोनी, शांतिपुरम कॉलोनी, प्रपोशर कॉलोनी और सतमा बुजुर्ग सहित वार्ड की सभी प्रमुख कॉलोनियों की सड़कें खोद दी हैं। शिकायत मिलते ही मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने तत्काल जल निगम के अधिकारियों को फोन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ₹तुरंत मौके पर जाकर स्थिति देखें और अवगत कराएं। इसके बाद, 22 मई 2026 की शाम 5:21 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने स्वयं पार्षद रीता राठौर और उनके पति छंगेलाल राठौर को फोन कर बताया कि जल निगम के अधिकारी और अभियंता वार्ड-30 में पहुंच रहे हैं। मंत्री ने छंगेलाल राठौर को अधिकारियों को सभी कॉलोनियों की स्थिति दिखाने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जिन वार्डों में भी खुदाई कर सड़कें छोड़ दी गई हैं, उन वार्डों के सभी पार्षदों को सूचित कर दिया जाए ताकि वे भी जल निगम के अधिकारियों को फोन कर अपनी कॉलोनियों की स्थिति दिखा सकें ।स्थानीय लोगों का कहना है कि ओम इंफ्रा कंपनी द्वारा काम अधूरा छोड़ देने से कीचड़, जलभराव और आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। मंत्री के हस्तक्षेप के बाद अब लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। जल निगम के अधिकारियों ने 12 दिन का समय मांगा है और आश्वासन दिया है कि इस अवधि के भीतर सभी गलियों को ठीक करवा दिया जाएगा।

# डीएम की निर्माण कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

#### सड़क चौड़ीकरण और नाले का चल रहा निर्माण, वित्तमंत्री भी दो बार कर चुके हैं निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर में लोहारो वाले चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण और नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। शनिवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त के साथ इसका निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए ।यह निर्माण कार्य पिछले कई महीनों से धीमी गति से चल रहा है। कार्य में देरी को देखते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना भी दो बार इसका निरीक्षण कर चुके हैं। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।




जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। उन्होंने समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने पर जोर दिया ताकि आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े यह निर्माण कार्य नगर विधानसभा क्षेत्र में हो रहा है, जिसके विधायक वित्तमंत्री सुरेश खन्ना हैं। पहले अतिक्रमण हटाकर नाले का निर्माण शुरू किया गया था, जिसके बाद सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू हुआ।

## सम्पादकीय

# राजनीति में एक-दूसरे का सम्मान जरूरी

राजनीतिक दलों के बीच मतभेद स्वाभाविक हैं, आरोप-प्रत्यारोप भी लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन भाषा की मर्यादा टूटने लगे तो राजनीति का स्तर गिरता है और संवाद कमजोर पड़ने लगता है। हाल ही में कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करने के क्रम में एक बार फिर संयम खो बैठे और सारी मर्यादा भूल गए। उन्होंने पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को "गद्दार" तक कह दिया। राहुल जिस तरह से तू-तड़ाक की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह किसी भी प्रकार से नेता विपक्ष की गरिमा के खिलाफ है। यह लोकतंत्र में संबोधन का सभ्य तरीका नहीं हो सकता। हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब राहुल ने असभ्य भाषा का प्रयोग किया हो। वे पहले भी ऐसा कर चुके हैं। उन्हें कई बार तो पीएम पर टिप्पणी के लिए कोर्ट तक में माफी मांगनी पड़ी थी। इसके बावजूद उनकी बयानबाजी में संयम का अभाव लगातार दिखाई देता है। संभव है कि उन्हें लगता हो कि तीखे हमले और आक्रामक भाषा से सरकार विरोधी वर्ग उनके करीब आएगा, लेकिन 10-12 साल के राजनीतिक अनुभव बताते हैं कि जनता केवल आक्रोश नहीं, बल्कि गंभीरता और विश्वसनीयता भी देखती है। लोग अब केवल नारेबाजी से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वह नेतृत्व की परिपक्वता और व्यवहार को भी महत्व देते हैं। राहुल गांधी ने आर्थिक संकट, बेरोजगारी और व्यापारिक चुनौतियों को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। यह उनका लोकतांत्रिक अधिकार है और विपक्ष को सरकार की नीतियों पर सवाल पूछने चाहिए। जब आलोचना के बीच व्यक्तिगत उपहास और अपमानजनक शब्द शामिल हो जाते हैं, तब मूल मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। यही कारण है कि उनके बयान के बाद चर्चा आर्थिक चुनौतियों पर नहीं, बल्कि उनकी भाषा पर केंद्रित हो गई। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी कम तीखी नहीं रहीं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी को "भारतीय राजनीति का राहु" कहा, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने उन्हें "रिजेक्टेड माल" तक कह दिया। यह स्थिति बताती है कि भारतीय राजनीति में संवाद की जगह कटाक्ष और तंज ने ले ली है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है कि क्या यही राजनीतिक संस्कृति आने वाली पीढ़ियों को दी जानी चाहिए। ऐसे समय में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार का बयान एक सकारात्मक संदेश देता है। शरद पवार ने राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बनाए रखने की भूमिका की सराहना की। यह परिपक्व राजनीति का उदाहरण है। पवार ने दशकों से विभिन्न विचारधाराओं के नेताओं पंडित जवाहर लाल नेहरू, अटल बिहारी वाजपेयी, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के साथ काम किया है। उनके बीच तीखे वैचारिक मतभेद होते थे, फिर भी व्यक्तिगत सम्मान बना रहता था। संसद में बहसें होती थीं, लेकिन भाषा की मर्यादा नहीं टूटती थी। आज सोशल मीडिया और तात्कालिक राजनीति के दौर में बयानबाजी अधिक उत्तेजक हो गई है। नेताओं को यह समझना होगा कि उनके शब्द केवल राजनीतिक कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। राजनीति में एक-दूसरे का आदर खुद का सम्मान बढ़ाने वाली बात होती है। लोग भी नेताओं से अच्छे व्यवहार की आस रखते हैं। उम्मीद है कि राहुल गांधी भी अपना लहजा बेहतर करेंगे और राजनीति में एक-दूसरे का सम्मान करने की परंपरा को बनाए रखेंगे।



कूटनीति
अखिलेश आर्येन्दु

# विदेश यात्रा : एक तीर से कई लक्ष्य साधे

ऊर्जा संकट, व्यापारिक चेन में अस्थिरता और वैश्विक ध्रुवीकरण का नया दौर शुरू हो गया है। विपक्ष मोदी की विदेश यात्रा पर जो सवाल उठा रहा था, उन सवालों का जवाब उनकी सफल यात्रा ने दे दिया है। जाहिर तौर पर उनकी यात्रा के बरक्स में देखें तो इस यात्रा से खाड़ी और यूरोपीय देशों से भारत के रिश्ते ही मजबूत नहीं हुए, बल्कि कई ऐसे समझौते भी हुए हैं जो आने वाले वक्त में देश की प्रगति और विकास के लिए मील के पत्थर साबित होंगे। यात्रा की सफलता का मानक यह है कि वैश्विक ऊर्जा संकट से पार पाने में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है, वह यूएई से ऊर्जा सुरक्षा को लेकर हुआ समझौता, जिसमें पेट्रोलियम और एलपीजी गैस भंडारण, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा निवेश शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पांच देशों की विदेश यात्रा पर जाने को लेकर विपक्ष कई दिनों से हंगामा कर रहा था। वह सवाल उठा रहा था कि ऐसे वक्त में जब देश में तेल, गैस, रसायनिक खाद की किल्लत और महंगाई से आम आदमी परेशान हो रहा है, प्रधानमंत्री मोदी को पांच देशों के दौरे पर जाना जनहित को नजरअंदाज करने जैसा है, और इसे औचित्यपूर्ण नहीं माना जा सकता है? विपक्ष यह भूल गया कि जिस मकसद को लेकर प्रधानमंत्री ने खाड़ी और यूरोपीय देशों की यात्रा की, वह देश और समाजहित में थी। उसके सकारात्मक परिणाम यात्रा के बाद साफ-साफ दिखाई देने लगे हैं। जाहिर तौर पर, पांच देशों की यह यात्रा आर्थिक, सामरिक, कूटनीतिक और विश्व कूटनीति-राजनीति के लिए ही खास मायने नहीं रखती, बल्कि दुनिया की उभरती महाशक्ति के रूप में जो प्रतिष्ठा मिली है, वह इस यात्रा की अपार सफलता को दर्शाती है। उनकी यह यात्रा ऐसे दौर में हुई है, जब दुनिया में ईरान-अमेरिका-इजराइल युद्ध के असर साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत में तेल, गैस, रसायनिक खाद और रोजमर्रा की वस्तुओं की महंगाई बढ़ रही है।

ऊर्जा संकट, व्यापारिक चेन में अस्थिरता और वैश्विक ध्रुवीकरण का नया दौर शुरू हो गया है। विपक्ष मोदी की विदेश यात्रा पर जो सवाल उठा रहा था, उन सवालों का जवाब उनकी सफल यात्रा ने दे दिया है। जाहिर तौर पर उनकी यात्रा के बरक्स में देखें तो इस यात्रा से खाड़ी और यूरोपीय देशों से भारत के रिश्ते ही मजबूत नहीं हुए, बल्कि कई ऐसे समझौते भी हुए हैं जो आने वाले वक्त में देश की प्रगति और विकास के लिए मील के पत्थर साबित होंगे। यात्रा की सफलता का मानक यह है कि वैश्विक ऊर्जा संकट से पार पाने में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है, वह यूएई से ऊर्जा सुरक्षा को लेकर हुआ समझौता, जिसमें पेट्रोलियम और एलपीजी गैस भंडारण, समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा निवेश शामिल है। इससे भारत भविष्य में ऊर्जा संकट से निपटने में सक्षम हो सकेगा। गौरतलब है पेट्रोलियम और गैस की बढ़ती कीमतों से महंगाई पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है कि तेल, गैस और रसायनिक खादों की किल्लत पर काबू पाया जाए। यूरोपीय देशों की यात्रा के दौरान वहां बसे भारतवंशियों ने ही मोदी का भारतीय परंपराओं से स्वागत नहीं किया बल्कि पांचों देशों में वहां की सरकारों ने पलक-पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। यह समझा जा सकता है कि मोदी की यात्रा ने यूएई को भारत से और अधिक समीपता और विश्वासनीयता बढ़ाने का कार्य किया। यूरोपीय देशों में मोदी का भव्य स्वागत ही नहीं हुआ बल्कि स्वीडन ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी उनको सम्मानित किया। जाहिर तौर पर स्वीडन सहित यूरोपीय देशों ने यात्रा के दौरान ऐसे अनेक समझौते किए, जो भारत के लिए सामरिक, आर्थिक और तकनीक को आदान-प्रदान करने में मददगार साबित होंगे। नार्वे, स्वीडन और नीदरलैंड की यात्रा इसलिए भी जरूरी मानी जा रही है कि इससे यूरोपीय देशों के साथ हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई, समुद्री सहयोग और रक्षा तकनीक में सहयोग के नए द्वार खुलें हैं। इनमें उन देशों की कंपनियों द्वारा भारत में विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश बहुत बड़े पैमाने पर होने के समझौते किए गए। इससे यूरोपीय देशों के साथ तकनीक साझेदारी विकसित



होगी, जिससे इन क्षेत्रों में अधिक पूंजी निवेश होने से विकास की नई संभावनाएं विकसित होंगी। नार्वे में मोदी ने ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन और इंडिया-नार्वे बिजनेस एंड रिसर्च समिट' में भाग लिया। इसके साथ ही उन्होंने नार्वे, फिनलैंड, आइसलैंड, डेनमार्क और स्वीडन के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक की और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। इस बैठक में व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा, नवाचार को बढ़ावा, स्वच्छ और हरित प्रोद्यौगिकी के अलावा यूरोपीय देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। नार्वे समिट में प्रधानमंत्री ने कहा,- भारत-ईएफटीए समझौते से 100 बिलियन डालर के निवेश और 10 लाख रोजगार सृजित करने पर सहमति हुई। फिनलैंड के प्रधानमंत्री के साथ उनकी बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें डिजिटलीकरण (आई 5जी/6 जी) क्वांटम तकनीक और स्थिरता के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर जोर दिया गया। इससे इन दोनों देशों में रिश्तों में ही गर्माहट नहीं आई बल्कि तकनीक के क्षेत्र में स्थिरता के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। भारत और चीन के रिश्ते जगजाहिर हैं। कई वस्तुओं का आयात मजबूरी में भारत को चीन से करना पड़ता है, खासकर सेमीकंडक्टर -क्षेत्र में। यूरोपीय देशों से जो समझौते हुए हैं, उनमें सेमीकंडक्टर का समझौता भी एक है जो भारत के लिए चीन पर इसकी निर्भरता को कम करने में मददगार साबित होगा। इस नजरिए से यूरोपीय देशों के साथ एआई, सेमीकंडक्टर जैसे आधुनिक विकास की नए मॉडल की तकनीक पर निवेश का समझौता बेहद अहम है। मोदी का यह दौरा बहु गठबंधन (मल्टी अलाइमेंट) नीति का हिस्सा है। इस गठबंधन में यूरोप देशों के साथ तकनीक सहयोग, चीन के साथ प्रभाव का संतुलन, अमेरिका के साथ साझेदारी, रूस से दोस्ती के गहन रिश्ते, अरब देशों के साथ सामरिक निकटता की नीति बनाए रखना है। यानी दुनिया के उन सभी देशों के साथ मैत्री रखना, जो भारत के साथ मित्रवत बर्ताव रखना अपनी नीति का हिस्सा समझते हैं। यानी किसी गुट का हिस्सा न होकर दुनिया के हर गुट के साथ दोस्ती बनाए रखने की नीति पर चलना।

प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने भारत की आर्थिक समृद्धि, रोजगार सृजित करने के मद्देनजर तकनीक के आयात और रणनीतिक साख को बढ़ाने का काम किया। यूएई द्वारा भारत में 5 अरब डालर निवेश की घोषणा, उनकी यात्रा की सफलता की नई इबारत लिखने में सफल हुई है। इसमें बुनियादी ढांचा, सामान्य प्रबंधन या परिवहन व्यवस्था, बैंकिंग, बंदरगाह, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश शामिल है। इससे भारत में हर क्षेत्र में नवनिर्माण की विशाल प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा। इटली की यात्रा उनके खास मकसद के तहत सम्पन्न हुई। भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना और व्यापार को बढ़ावा देना था।

उन्होंने वहां अपने समकक्ष जार्जिया मेलोनी के साथ विस्तार से उन सभी मुद्दों पर चर्चा की जो इटली और भारत के लिए लाभकारी हो सकते हैं। इसी तरह घरेलू राजनीति में धुंरधर खिलाड़ी माने जाने वाले मोदी इस यात्रा से जनता को यह यकीन दिलाने में सफल हुए हैं कि उनकी यात्रा तेल, गैस, खाद, तकनीक आयात, मूलभूत निर्माण को आगे बढ़ाने के साथ भारत की छवि दुनिया में खासकर खाड़ी देशों में भारत की सक्रियता रणनीतिक दबाव बनाने में सफल रही है। जाहिर तौर पर आज भारत एक जिम्मेदार और सशक्त देश के रूप में स्थापित हो चुका है। इसका श्रेय मोदी और उनकी सरकार के जनहितकारी और विश्वहितकारी कार्यों और नीतियों को दिया जाना चाहिए। यह मोदी सरकार की परिपक्व विदेश नीति को भी दर्शाता है।

आतंकवाद विरोधी दिवस
योगेश कुमार गोयल



# घाटी में खिल रही उम्मीदें हार रहा आतंक का अंधकार

भारत सदियों से शांति, सहअस्तित्व और आध्यात्मिक चेतना की भूमि रहा है। यहां विविधताओं में एकता केवल संविधान की अवधारणा नहीं, बल्कि जीवन पद्धति रही है। इसी भारत को लंबे समय से आतंकवाद जैसी भयावह चुनौती का सामना भी करना पड़ रहा है। आतंकवाद ने केवल देश की सीमाओं को नहीं ललकारा, बल्कि समाज की आत्मा, राष्ट्रीय एकता और मानवीय मूल्यों पर भी प्रहार किया है। यह ऐसा अभिशाप है, जिसने हजारों निर्दोष नागरिकों, सुरक्षाकर्मियों और युवाओं की जिंदगी छीन ली। भारत ने इस चुनौती का मुकाबला केवल सैन्य शक्ति से नहीं बल्कि लोकतांत्रिक धैर्य, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय संकल्प के साथ किया है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष 21 मई को 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' मनाकर देश आतंकवाद के विरुद्ध अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दोहराता है।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि आतंकवाद केवल गोलियों और विस्फोटों का नाम नहीं बल्कि वह मानसिकता है, जो समाज में भय, विभाजन और अस्थिरता पैदा करती है। यह दिवस उन हजारों शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी अवसर है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। यह दिन नागरिकों, विशेषकर युवाओं को संदेश देता है कि हिंसा और कट्टरता का रास्ता केवल विनाश की ओर ले जाता है जबकि शिक्षा, संवाद, लोकतंत्र और विकास ही स्थायी शांति के मार्ग हैं। यदि भारत में आतंकवाद की सबसे बड़ी त्रासदी का कोई प्रतीक क्षेत्र रहा है तो वह जम्मू-कश्मीर है। कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सूफी परंपराओं और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए विख्यात कश्मीर घाटी तीन दशकों से आतंक और अस्थिरता की विभीषिका झेलती रही है। 1990 के दशक में शुरू हुआ आतंकवाद केवल स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं था, बल्कि यह सीमा पार से प्रायोजित सुनियोजित षड्यंत्र था, जिसका उद्देश्य भारत की एकता और अखंडता को कमजोर करना था। दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2000 से 2024 के बीच जम्मू-कश्मीर में 22 हजार से अधिक आतंकी घटनाएं दर्ज की गई। इन घटनाओं में लगभग पांच हजार नागरिकों की मौत हुई जबकि तीन हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी शहीद हुए। इसी अवधि में भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने 24 हजार से अधिक आतंकियों को मार गिराया। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2004 से 2014 के बीच देशभर में 7217 आतंकी घटनाएं हुई थी, जबकि 2014 से 2024 के बीच यह संख्या घटकर लगभग 2242 रह गई। आतंकी घटनाओं में जनहानि में लगभग 70 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है। नागरिकों की मौतों में 81 प्रतिशत और सुरक्षाबलों की शहादतों में लगभग 50 प्रतिशत की कमी आई है।

ये आंकड़े केवल सांख्यिकीय उपलब्धियां नहीं, बल्कि भारत की बहुआयामी आतंकवाद विरोधी नीति की सफलता का प्रमाण हैं। यह भी सच है कि खतरा अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। वर्ष 2025 में पहलगाम के बैसरन क्षेत्र में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला इस बात का संकेत था कि आतंकवाद की जड़ें अब भी पूरी तरह उखड़ी नहीं हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। यह हमला 2008 के मुंबई हमलों के बाद सबसे घातक नागरिक हमलों में माना गया। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद आज भी भारत की शांति और स्थिरता को बाधित करने का प्रयास कर रहा है। लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन और अल-बद्र जैसे संगठनों को अब भी वहां से आर्थिक, सामरिक और वैचारिक समर्थन प्राप्त होने के आरोप लगते रहे हैं। भारत की आतंकवाद विरोधी नीति (आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता) अब पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट और कठोर दिखाई देती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सेना या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहां यह विश्वास मजबूत होता दिखाई देता है

# भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

# श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बहुत जरूरी है वन संपदा को आग से बचाना

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में वनों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से वनों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए वनों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे घास-फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी-भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। लोगों को चाहिए कि अगर वो खेतों से फालतू की घास-फूस को जलाना चाहते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते वनों में न फैले। इससे एक तो वन संपदा नष्ट होती है, दूसरे कई जंगली जीव-जंतु-पक्षी जल कर नष्ट हो जाते हैं। *- संकेत अग्रवाल, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# ईरान परमाणु हथियारों की होड़ शुरू कर सकता है: वेंस

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने कहा है कि ईरान के पास परमाणु हथियार होने से विश्व स्तर पर ''परमाणु हथियारों की होड़'' शुरू हो जाएगी।



वेंस ने साथ ही कहा कि अगर तेहरान शांति समझौते पर पहुंचने में विफल रहता है तो अमेरिका सैन्य अभियान फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंगलवार को व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में वेंस ने यह टिप्पणी तब की जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले फिर से शुरू करने के फैसले को एक दिन पहले टाल दिया था। यह फैसला कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य अरब देशों के अनुरोध पर लिया गया।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि



परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है।

## ट्रेंड

### प्रेरणादायक पहल



विद्यार्थियों द्वारा योगासन से दिन की शुरुआत करना एक अत्यंत प्रेरणादायक पहल है। यदि बचपन से ही स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बन जाए, तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे जीवन पर पड़ता है।
-**अन्नपूर्णा देवी**, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### राहुल गांधी की हताशा



प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग राहुल गांधी की अत्यधिक हताशा का स्पष्ट संकेत है। घृणा फैलाना कांग्रेस की सच्ची राजनीति रही है। वे नेता और पार्टियां जो स्वयं आपातकाल के दाग और भ्रष्टाचार के इतिहास से घिरी हुई हैं, आज देशभक्ति का उपदेश दे रही हैं।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### उर्वरकों की कमी



आने वाले समय में सबसे बड़ा संकट यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरकों की संभावित कमी है। भारत अपने अधिकांश उर्वरकों का आयात करता है, जो वर्तमान में बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।
- **अशोक गहलोत**, पूर्व सीएम, राजस्थान

### पार्टी का शानदार प्रदर्शन



पंजाब के हर कोने में हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन शानदार रहेगा।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली





## संक्षेप

### तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार

**रिकॉर्ड तोड़ गर्मी से दोपहर में सड़कें सूनी, जनजीवन प्रभावित**

अमेठी , बुधवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे भीषण गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। सुबह 9 बजे से ही सूर्य की तपिश बढ़ गई और दोपहर 12 बजे के बाद गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हुए। शाम चार बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर के समय बाजारों में भी ग्राहकों की संख्या बेहद कम रही। केवल आवश्यक काम से ही लोग घरों से बाहर निकले। जो लोग बाहर निकले, वे सिर पर गमछा, टोपी या छाता लगाकर चल रहे थे। दुपहिया वाहन चालक भी धूप से बचने के लिए पूरे शरीर को ढककर यात्रा कर रहे थे। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर यात्री छाया की तलाश करते दिखे। गर्मी का सबसे ज्यादा असर दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ रहा है। मजदूरों को छाते या पेड़ों की छाया में काम करना पड़ रहा है। निर्माण स्थलों पर दोपहर में काम लगभग ठप हो गया है। रिक्शा और ई-रिक्शा चालक भी सवारियों के इंतजार में पेड़ों के नीचे बैठे रहे। अस्पतालों में लू और निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) के मामले बढ़े हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी है। साथ ही, उन्होंने अधिक से अधिक पानी, नींबू पानी और ओआरएस का घोल पीने को कहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अभी दो-तीन दिन गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। लू का अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने भी लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक होने पर ही बाहर निकलने की अपील की है।

### बिजली आपूर्ति बदहाल

**किसानों की सिंचाई ठप, विधायक ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा**

अमेठी , जिले के जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति गंभीर बनी हुई है। लगातार बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से किसान और आम जनता परेशान हैं। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।विधायक ने अपने पत्र में बताया है कि विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर में आंधी-तूफान के कारण बिजली के खंभे और तार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने अधीक्षण अभियंता गौरीगंज और अधिशासी अभियंता जगदीशपुर से कई बार बातचीत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विभागीय उदासीनता के कारण क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। विधायक के अनुसार, किसानों और स्थानीय निवासियों ने शिकायत की है कि इस समय उड़द की सिंचाई और धान की नर्सरी का काम चल रहा है। हालांकि, लगातार बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण सिंचाई कार्य पूरी तरह से बाधित है। बिजली की अनुपलब्धता के कारण फसलें बर्बाद होने की आशंका है। क्षेत्र में कई दिनों से ट्रांसफार्मर जले हुए हैं और पुराने तारों की मरम्मत नहीं की जा रही है। रात के समय घंटों बिजली गुल रहती है, जिससे किसानों के निजी नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं। विधायक ने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएं।

# रूपईडीहा में जलभराव से राहत की उम्मीद, हाईवे किनारे बंबी पुल निर्माण कार्य शुरू




**अमन लेखनी समाचार**

रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती नगर पंचायत रूपईडीहा में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में अब पहल शुरू हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर नाला बने होने के बावजूद हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी भर जाने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे बने नालों का समुचित निकास नहीं होने के कारण बरसात का पानी हाईवे पर जमा हो जाता था, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने रूपईडीहा कस्बे के बाहर जहां रूपईडीहा में जलभराव से राहत की उम्मीद, हाईवे किनारे बंबी पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया है। भारत-नेपाल सीमावर्ती नगर पंचायत रूपईडीहा में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के समाधान की दिशा में अब पहल शुरू हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर नाला बने होने के बावजूद हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी भर जाने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे बने नालों का समुचित निकास नहीं होने के कारण बरसात का पानी हाईवे पर जमा हो जाता था, जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने रूपईडीहा कस्बे के बाहर, जहां डिवाइडर समाप्त होता है, वहां बंबी पुल निर्माण कराने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा पुल निर्माण का कार्य भी शुरू करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुल निर्माण पूर्ण होने के बाद दोनों ओर के नालों का पानी आगे स्थित बड़े नाले में प्रवाहित किया जाएगा, जहां से यह पानी दोनदरा नाले में पहुंच जाएगा। इससे कस्बे में जलनिकासी व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि यदि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो गया तो बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकेगी। डिवाइडर समाप्त होता है, वहां बंबी पुल निर्माण कराने का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा पुल निर्माण का कार्य भी शुरू करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार पुल निर्माण पूर्ण होने के बाद दोनों ओर के नालों का पानी आगे स्थित बड़े नाले में प्रवाहित किया जाएगा, जहां से यह पानी दोनदरा नाले में पहुंच जाएगा। इससे कस्बे में जलनिकासी व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए कहा कि यदि कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा हो गया तो बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

# बकरीद को लेकर बाबागंज चौकी में पीस कमेटी की बैठक

**चौकी इंचार्ज ने कहा त्योहार को भाईचारे से मनाएं**

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। आगामी त्यौहार कों सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न हो इसके लिए पीस कमेटी की बैठक रूपईडीहा थाना क्षेत्र के बाबागंज पुलिस चौकी परिसर में शनिवार को आहुति हुई। चौकी प्रभारी शिवेश शुक्ला ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक गुरु और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

अपराध निरीक्षक गणेश तिवारी ने कहा कि बकरीद पर्व आपसी भाईचारे और मेलजोल का त्योहार है। उन्होंने सभी समुदायों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। चौकी इंचार्ज श्री शुक्ला नें अपने सम्बोधन में कहा कि बकरे की कुबार्नी खुले में न करने की ताकीद कर शांति बनाए रखने की हिदायत दी जा रही है ।कहा कि जो भी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी ।त्योहार से पहले और त्योहार के दिन सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वालों पर कार्रवाई होगी। लोगों से अपील की गई कि वे सोशल मीडिया पर कोई जानकारी साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांच लें ।बैठक कों समाजसेवी शिवपूजन सिंह, नंदकिशोर वर्मा, हाजी मो. अनवर, समशाद सिद्दीकी, अकील कुरैशी, रियाज अहमद, इमाम नफीस अहमद आदि नें अपने-अपने विचार रखें। दुर्गेश वर्मा, प्रमोद पटेल, पेशकार पटेल, रियाजुद्दीन, रावेन्द्र शर्मा, पप्पू गुप्ता, उत्तम कुमार सहित उपनिरीक्षक ओम प्रकाश मौर्य, आरक्षी अर्जुन मौर्या, सुनील यादव, भीष्म यादव, धनु कुमार, सत्यम सोनी, शिवाजी सिंह, शुभम तिवारी, रितिक, हर्तिक सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कैसरगंज में बिजली संकट गहराया

**लंबी रोस्टिंग के बाद भी देर रात तक गुल रहती है बिजली, नगरवासियों में रोष**

**व्यापारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से लगाई गुहार**

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमराई हुई है। बिजली विभाग द्वारा लंबी रोस्टिंग किए जाने के बावजूद भी लोगों को नियमित विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। खासकर रात के समय कई-कई घंटों तक बिजली बाधित रहने से नगरवासियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर की मेहनत और भागदौड़ के बाद जब रात में आराम करने का समय मिलता है, उसी दौरान बिजली कटौती शुरू हो जाती है। भीषण गर्मी और उमस के बीच रातभर बिजली गुल रहने से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। कैसरगंज कस्बे में बड़ी संख्या में व्यापारी, कर्मचारी तथा प्रशासनिक अधिकारी निवास करते हैं। अनियमित बिजली आपूर्ति का असर व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से कारोबार प्रभावित हो रहा है तथा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का खतरा बना रहता है ।नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों ने विद्युत समस्या को लेकर सांसद कैसरगंज, विधायक कैसरगंज एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराते हुए जल्द समाधान की मांग की है। लोगों ने मांग की है कि कैसरगंज क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को बेहतर प्रणाली के तहत सुचारू रूप से संचालित किया जाए ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो लोगों का आक्रोश और बढ़ सकता है।

# खालेपुरवा में निशुल्क चिकित्सा शिविर में पांच सौ मरीजों को मिला लाभ

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। आयुष विभाग एवं , बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय पं. केशवराम मिश्र फ्री आयुष चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम खालेपुरवा, कटहा में किया गया। शिविर में आयुष विभाग की ओर से एक वृहत चिकित्सा शिविर आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा ने बताया कि शिविर में शल्य चिकित्सक डॉ. उपेंद्र रावत, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति सिंह, वरिष्ठ काय चिकित्सक डॉ. विजय गौतम, डॉ. आनंद कुमार निराला, डॉ. सुधीर उपाध्याय, योग प्रशिक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव, यूनानी चिकित्सक डॉ. सर्वेश रावत, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रभात मिश्र, प्राची मिश्रा तथा स्टाफ सदस्य चक्रपाणी गौड़, हुसैनी एवं दिवाकर आदि का विशेष योगदान रहा ।शिविर में कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग भी की गई तथा लोगों को जीवनशैली जनित रोगों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिवाकर पांडेय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सरोज शंकर राम तथा जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. यूसुफ अली अंसारी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में आयुर्वेद से कुल 310.यूनानी विधा से कुल 135 एवं होम्योपैथी से कुल 70 मिलाकर कुल 515 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं आभार ज्ञापन सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट श्री राजेश मिश्रा द्वारा किया गया।

# बकरीद को लेकर कैसरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं बकरीद: एसडीएम व सीओ**

**प्रशासन ने प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न देने की अपील की**

**अमन लेखनी समाचार**



कैसरगंज, बहराइच। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना कैसरगंज परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला अधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी डी के श्रीवास्तव सहित नगर पालिका अध्यक्ष, ईदगाह एवं मस्जिदों के इमाम, ग्राम प्रधान, सभासद, एसएसआई कैसरगंज तथा क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए उप जिला अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी डी के श्रीवास्तव ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने लोगों से शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न दी जाए। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित न करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। वहीं उपस्थित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# रूपईडीहा में दो माह से खराब पड़ा कस्टम के पास के दो ट्रांसफार्मर

**मोबाइल ट्रांसफार्मरों से चल रही है सप्लाई व्यवस्था**

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रूपईडीहा, बहराइच। भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत रूपईडीहा में विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है। कस्बे में खराब पड़े ट्रांसफार्मरों के कारण कभी भी बिजली व्यवस्था चरमरा सकती है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के कस्टम चेकपोस्ट के पास रखे दो ट्रांसफार्मर पिछले लगभग दो माह से खराब पड़े हैं। इनकी जगह आपातकालीन व्यवस्था के तहत उपलब्ध कराए गए दो मोबाइल ट्रांसफार्मरों को लगाया गया है, जिनसे फिलहाल विद्युत आपूर्ति संचालित की जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दो माह बीत जाने के बाद भी खराब ट्रांसफार्मरों को मरम्मत के लिए नहीं भेजा गया है।ऐसे में यदि वर्तमान में उपयोग हो रहे मोबाइल ट्रांसफार्मरों में कोई खराबी आ जाती है या वे जल जाते हैं, तो पूरे कस्बे की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली की लगातार आवश्यकता बनी रहती है। ऐसे समय में विभाग की उदासीनता भविष्य में बड़ी समस्या खड़ी कर सकती है। नागरिकों का कहना है कि खराब ट्रांसफार्मरों को जल्द ठीक कर पुनः स्थापित किया जाए, ताकि मोबाइल ट्रांसफार्मर खाली हो सकें और उन्हें आपातकालीन स्थिति के लिए सुरक्षित रखा जा सके। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए, जिससे कस्बे में संभावित बिजली संकट से बचा जा सके।

# शिक्षा ही सफलता का सबसे बड़ा हथियार, मेहनत से मिलती है मंजिलः मोहम्मद नदीम

**अमन लेखनी समाचार**




कैसरगंज,बहराइच। मदनी इंटर कॉलेज, कैसरगंज में आयोजित शिक्षा जागरूकता एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोहह्व शिक्षा, प्रेरणा और प्रतिभा सम्मान का यादगार आयोजन बन गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी रईस अहमद कासमी ने की, जबकि संचालन डॉ. नजमुज्जमां ने किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम आयोजक डॉ. अरशद रईस ने मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मोहम्मद नदीम ने कहा कि ह्लशिक्षा ही सफलता के द्वार खोलती है और मेहनत ही मंजिल तक पहुंचाती हैह्व। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासन, लगन और सकारात्मक सोच के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान करते हुए कहा कि आज का शिक्षित युवा ही कल के विकसित समाज और मजबूत राष्ट्र की पहचान बनेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि समाज के भविष्य को गढ़ने का कार्य करते हैं, वहीं अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार, बेहतर शिक्षा और सकारात्मक वातावरण प्रदान करें। विशिष्ट अतिथि इसरार अहमद ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मेधावी छात्र-छात्राओं को निरंतर मेहनत कर ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, प्रसिद्ध शायर अज्म गोंडवी, उमा प्रसाद वर्मा, विश्वपाल सिंह, डॉ. मसीहुद्दीन, मौलाना सलाहुद्दीन, नसीम अहमद एडवोकेट, शौकत अली एडवोकेट, मनीष श्रीवास्तव, वेद प्रकाश सिंह, विनोद शुक्ला, डॉ. असद, हाफिज वहीदुद्दीन, मौलाना फसीहउद्दीन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. अरशद रईस ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मदनी इंटर कॉलेज शिक्षा, संस्कार और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा तथा भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# खलिहान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर प्रदर्शन

**सुलतानपुर में भारतीय किसान यूनियन का अल्टीमेटम, आंदोलन की दी चेतावनी**

**अमन लेखनी समाचार**



सुलतानपुर, खलिहान की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले में कोर्ट के बेदखली आदेश के बावजूद प्रशासन द्वारा कार्रवाई न किए जाने से असंतुष्ट भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने तिकोनिया पार्क में धरना दिया और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन सौंपा। भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर अवैध निर्माण को ढहाकर जमीन खाली नहीं कराई गई, तो संगठन एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगा। यह मामला जयसिंहपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जजरही जमालपुर से संबंधित है। यहां की निवासी देवमती पत्नी राम प्रकाश ने हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ में एक जनहित याचिका दायर की थी। यह याचिका गाटा संख्या 352 और 364 पर स्थित खलिहान की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में थी ।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों, जिनमें रामकुमार, मायावती, झिनकू, साधूसरन, रामजीत और भंदई शामिल हैं, ने खलिहान की जमीन पर पक्का निर्माण कर लिया है।इस अवैध निर्माण के कारण ग्रामीणों का रास्ता और पानी की निकासी बाधित हो गई है। इस मामले में यूपी राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत मुकदमा चला और कोर्ट ने मौके से बेदखली का आदेश भी पारित कर दिया। हालांकि, आरोप है कि हल्का लेखपाल ने कागजों पर तो बेदखली की रिपोर्ट लगा दी है, लेकिन वास्तविकता में जमीन आज भी खाली नहीं कराई गई है। पीड़िता ने कई बार एसडीएम जयसिंहपुर और तहसीलदार जयसिंहपुर को इस स्थिति से अवगत कराया। आरोप है कि विपक्षी दबंगों के प्रभाव में आकर अधिकारी मामले को दबाए बैठे हैं। लेखपाल पर मौके पर न जाने और फोन न उठाने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है।

# शांति समिति की बैठक संपन्न



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। चौकी कस्बा जरवल रोड पर आगामी त्यौहार बकरीद के द्दष्टिगत शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें क्षेत्र के धार्मिक प्रतिनिधि राजनीतिक प्रतिनिधि, व संभ्रांत नागरिक जो नगर पालिका सहायक खंड विकास अधिकारी विद्युत विभाग प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड चौकी प्रभारी जरवल रोडव्यापार मंडल एवं अन्य तमाम जनता के व्यक्ति सम्मिलित हुए। सभी को सरकार एवं शासन द्वारा त्योहारों पर दिए गए निदेशों से अवगत कराया गया।

# किशोरी से तमंचा सटाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला

**पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल**

**अमन लेखनी समाचार**




प्रतापगढ़ , महेशगंज थाना क्षेत्र में एक किशोरी से कथित सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना 18 मई की शाम करीब 7:30 बजे हुई। थाना क्षेत्र की किशोरी खेत की ओर गई थी, तभी वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि उन्होंने किशोरी के मुंह में कपड़ा बांधकर उसे जबरन एक निमार्णाधीन मकान में उठा लिया। वहां दोनों युवकों ने तमंचा सटाकर किशोरी के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को पूरी रात बंधक बनाकर रखा गया। सुबह किशोरी किसी तरह आरोपियों के चंगुल से निकलकर अपने घर पहुंची। उसने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने महेशगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। महेशगंज के एसओ संदीप तिवारी ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। उन्होंने नामजद आरोपी 19 वर्षीय कौनेन खान और 23 वर्षीय सैफ हुसैन को आईटीडी अंडरपास राय असकरनपुर के पास से गिरफ्तार किया पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## संक्षेप

### बकरे को लेकर दो पक्षों में पथराव

**कोर्ट रोड पर कहासुनी के बाद मारपीट और ईट-पत्थर चले में कई घायल, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत, शहर कोतवाली क्षेत्र के कोर्ट रोड पर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। यह घटना कोतवाली से कुछ ही दूरी पर हुई, जिसका वीडियो सामने आया है। इस संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। माता कॉलोनी निवासी इस्लाम ने बताया कि उनके बेटे को बाजार से बर्फ लेकर लौटते समय आरोपी पक्ष ने अपना बकरा खोल दिया बकरे ने टक्कर मार दी थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई।पीड़ित पक्ष का आरोप है कि वे मामले की शिकायत दर्ज कराने शहर कोतवाली गए थे। शिकायत के बाद जब वे वापस लौट रहे थे, तभी आरोपी पक्ष ने उन्हें रास्ते में रोककर हमला कर दिया। पीड़ितों के अनुसार, दोनों पक्षो मे ईट पत्थर का पथराव हो गया । इस मारपीट में कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी बिर्जेश ने बताया कि वायरल वीडियो और मिली तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### एनएचएम कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला मानदेय

**कर्मियों ने दी क्या धरना प्रदर्शन, आर्थिक संकट का आरोप**

बागपत , राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मार्च और अप्रैल माह का लंबित मानदेय जल्द जारी करने की मांग की है। उनका कहना है कि दो माह से वेतन न मिलने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।कर्मचारियों ने बताया कि वेतन न मिलने से उनके परिवारों का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की स्कूल फीस, दाखिले, ड्रेस और किताबों जैसे आवश्यक खर्च प्रभावित हो रहे हैं। कई कर्मचारियों की ईएमआई की किश्तें भी समय पर जमा नहीं हो पा रही हैं, जिससे उन पर आर्थिक और मानसिक दबाव बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, बुजुर्ग माता-पिता के इलाज में भी दिक्कतें आ रही हैं। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था के कारण बिजली बिल समय पर जमा न होने पर कनेक्शन काटे जाने की समस्या भी सामने आ रही है। संविदा कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि एनएचएम के तहत कार्यरत कर्मचारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन मानदेय में लगातार देरी से उनका मनोबल टूट रहा है।

### युवक की मौत पर बवाल

**परिजनों ने लगाया ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या का आरोप, भीम आर्मी नेताओं ने की गिरफ्तारी की मांग**

मेरठ, इंचोली थाना क्षेत्र स्थित सिखेड़ा गांव निवासी कमल जाटव पुत्र मामचंद की बीते दिन संदिग्ध हालत में मौत होग गई थी। जिसमें परिजनों नेआरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ दबंगों ने कमल के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या की है। मामले की जानकारी होते ही भीम आर्मी नेता बिजेन्द्र सूद और गौतम भैय्या अपनी टीम के साथ गुरुवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंचे।

## पीड़िता ने दहेज उत्पीड़न से आहत होकर थाने पर कराया मुकदमा दर्ज

**पांच ससुरालीजनों समेत पति पर लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रोशनपुर निवासी स्वर्गीय मनोज कुमार की बेटी सपना ने अपने ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मारपीट गाली गलौज व घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए न्यायालय के आदेश पर थाना जहानाबाद में मुकदमा दर्ज कराया पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह परिजनों की सहमति से हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विगत दो वर्ष पहले दिसंबर 2024 में राजू निषाद पुत्र स्वर्गीय मैकू निवासी गांव भिड़इया थाना बिठूर जनपद कानपुर के साथ हुआ था विवाह समय में महिला के दादा रामप्रताप व परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज तथा नगदी देकर कार्यक्रम संपन्न किया था वही विवाह में घरेलू सामान फर्नीचर मोटरसाइकिल जेवरात तथा 200000 रुपए नगद की धनराशि भी दी गई थी विवाह के कुछ समय पश्चात पति व ससुराली जनों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में एक लाख रुपये सोने की चेन अंगूठी आदि की मांग करने लगे जिसका विरोध करने पर महिला के साथ पति समेत सास जेठ जेठानी नंद आदि सभी गाली-गलौज तथा मारपीट में आमादा हो गए कई बार मायका पक्ष भी पहुंचा तथा समझौते का प्रयास किया लेकिन ससुराल वाले धन के लोभ में आकर अपनी जिद पर पड़े रहे वही पीड़ित महिला ने बताया कि विगत 2025 के मार्च महीने में पति एक दिन शराब के नशे में आया और उसे जमकर मारपीट करते हुए घर से बाहर निकाल दिया वहीं पति का साथ सास मइका देवी जेठ कमलेश जेठानी नीतू व नंद राधा आदि ने भी दिया और घर से बाहर भगा दिया जिससे आहत होकर पीड़िता अपने मायके पहुंची तथा दुख दर्द बताया मायके पक्ष का सहारा लेते हुए पीड़ित महिला ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जहां थाना जहानाबाद थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने उपर्युक्त सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85 115 (2) 351(2)352 दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 तथा 4 के तहत मुकदमा दर्ज कार्यवाही की

## समाधान दिवस पर एसपी डीएम ने सुनी जन समस्याएं

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। महीने की चतुर्थ शनिवार थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के खागा थाना अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जन समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी व विभागों को निर्देशित किया समाधान दिवस के कार्यक्रम के पश्चात जिलाधिकारी ने थाना प्रांगण में शस्त्र रजिस्टर चरित्र वेरिफिकेशन वाद रजिस्टर पासपोर्ट रजिस्टर चौकीदार रजिस्टर तथा संदर्भ रजिस्टर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया वहीं जमीनी वाद विवादों को देखते हुए खागा उपजिलाधिकारी डॉक्टर अभिनीत कुमार को निर्देशित किया इस मौके पर जनपद के खागा थाना अंतर्गत सभी पुलिसकर्मी व क्षेत्रीय जनता मौजूद रही वहीं उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी एवं थाना अध्यक्षों ने अपने-अपने थाना परिसर में जन शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण किया

### कैनाल पंप में डूबा कक्षा 6 का छात्र हुई मौत

**परिवार में मचा कोहराम प्रशासन ने भेजा पोस्टमार्टम**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव गज्जा का डेरा मजरा रुस्तमपुर निवासी 11 वर्षीय कक्षा 6 का छात्र अंश कुमार पुत्र संतराम निषाद गांव के समीप यमुना नदी में स्थापित पंप कैनाल में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया आसपास मौजूद अन्य साथियों ने शोर मचाया जहां चीख पुकार सुनकर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई आनन-फानन स्थानीय गोताखोरों ने खोजबीन प्रारंभ की कड़ी मशक्कत के बाद काफी समय लग गया तथा छात्र को बाहर निकाला गया बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच करते हुए बालक को मृत घोषित कर दिया यह सुनते ही माता-पिता समेत भाई सनी बहन विनीता आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### प्रेमी प्रेमिका फुर्र पुलिस जुटी जांच में

**युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का परिजनों ने लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार

जहानाबाद, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नोनारा डेरा की एक युवती के परिजनों ने लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसका रिश्तेदार रचित पुत्र पप्पू गिहार निवासी बकंधा थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर अपने साथ बहला फुसला कर बेटी को साथ ले गया युवती बिगत दिवस 21 मई दोपहर के समय से गायब है वहीं पीड़ित परिजनों ने बताया कि काफी खोजबीन की गई परंतु युवती का कोई सुराग नहीं लगा युवती के साथ-साथ उपर्युक्त युवक भी गायब है तहरीर के आधार पर थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस की धारा 137 (2), 87 पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की खोजबीन प्रारंभ की

## कचहरी की बत्ती गुल, अधिवक्ताओं ने बिजलीघर पर ताला डाला

**तीन दिन से मेरठ कचहरी में नहीं है बिजली, एसडीओ के खिलाफ फूटा गुस्सा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बिलबिलाये अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए अंबेडकर चौराहा स्थित बिजली घर पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। एसडीओ के फोन ना उठाने पर अधिवक्ता और नाराज हो गए और उन्होंने कर्मचारियों को बाहर निकाल कर बिजली घर पर ताला डाल दिया।

### पहले एक नजर पूरे मामले पर

अधिवक्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा अधिवक्ताओं के साथ कचहरी के बिजली घर पर पहुंच गए और हंगामा कर दिया।

### एसडीओ के ना मिलने पर भड़के

अधिवक्ता बिजली घर पर पहुंचे तो वहां मौजूद कर्मचारी उचित जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद अधिवक्ता एसडीओ को मौके पर बुलाने पर अड़ गए। उन्होंने एसडीओ का फोन मिलाया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इससे अधिवक्ताओं का गुस्सा और बढ़ गया और उन्होंने एसडीओ मुदार्बाद व बिजली विभाग मुरादाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए।

### कर्मचारियों को बाहर निकाल लगाया ताला

देखते ही देखते अधिवक्ताओं का हंगामा बढ़ गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने अंदर मौजूद सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला और वहां मुख्य दरवाजे पर ताला डाल दिया। उन्होंने कहा कि जब उपभोक्ताओं की शिकायत ही नहीं सुनी जाएगी तो फिर इस ऑफिस का क्या फायदा है। अधिवक्ता चेतावनी देकर वहां से लौट गए।

### वायरिंग में फाल्ट से बिजली हुई गुल

मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले 10 दिन से मेरठ कचहरी की विद्युत आपूर्ति खराब चल रही है।

## नवविवाहिता की हुई मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रणमस्तपुर निवासी रामप्रसाद ने बेटी की मौत हो जाने के पश्चात ससुरालियों पर जहर खिलाकर हत्या की जाने की आशंका जताई मिली जानकारी के अनुसार महिला पूजा देवी का विवाह लगभग 5 वर्ष पूर्व जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भरसा गांव निवासी मानसिंह निषाद के साथ हुई थी विवाह होने के कुछ दिनों बाद दामाद मानसिंह अपनी पत्नी पूजा को लेकर अपनी मौसी के यहां शिवपुरी थाना जाफरगंज में निवास करने लगा कुछ दिनों पश्चात पत्नी पूजा के साथ मारपीट प्रारंभ कर दी तथा मायके से पैसे तथा मोटरसाइकिल इत्यादि लाने का दबाव बनाया जिसमें कई बार पंचायत भी हुई वहीं पीड़ित ने बताया कि मांग पूरी न होने पर बेटी पूजा को जहर खिलाकर ससुराली जनों ने हत्या कर दी जाफरगंज थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ला ने घटनास्थल का जायजा लिया वही जानकारी दी कि संदिग्ध हालत में मौत हुई है सूचना मिलने पर प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा महिला को अस्पताल ले गया जहां चिकित्सकों ने महिला को



मृत घोषित कर दिया महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पीड़ित पक्ष द्वारा यदि तहरीर मिलती है तो तहरीर तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट दोनों प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## पिलर से टकराई कार , 2 की मौत

**दिल्ली से मेरठ जा रहे थे, गाड़ी पलटने से गई जान, पुलिस ने शव को निकाला**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद के मोदीनगर में मेरठ रोड पर तड़के तेज रफ्तार सफेद रंग की स्विफ्ट कार डिवाइडर पर बने नमो भारत के पिलर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पलट गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रही कि सामने से आ रहा एक ट्रक कार की चपेट में आने से बच गया। सूचना मिलते ही मोदीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकाला।

### ईएसआई अस्पताल के सामने हुआ हादसा

यह हादसा मोदीनगर में मेरठ रोड स्थित ईएसआई अस्पताल के सामने हुआ। कार सवार सभी युवक दिल्ली से मेरठ की ओर लौट रहे थे। सुबह करीब पांच बजे मोदीनगर पहुंचते ही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और नमो भारत के पिलर से जा भिड़ी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### हादसे में दो की मौत, चार गंभीर

जानकारी के मुताबिक मेरठ के परतापुर निवासी रोहित अपने दोस्तों आदेश पुत्र संजय, हिमांशु कुमार, कुलदीप, आदेश और लोनी निवासी अंकित तिवारी के साथ दिल्ली गए थे। सुबह सभी मेरठ लौट रहे थे। कार अंकित तिवारी चला रहा था। ईएसआई अस्पताल के सामने पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलटी खा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर जीवन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आदेश और अंकित को मृत घोषित कर दिया। वहीं कुलदीप, रोहित, आदेश और हिमांशु की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया।पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवायदुर्घटना के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।मोदीनगर सहायक पुलिस आयुक्त भास्कर वर्मा ने बताया कि हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि चार घायलों का मेरठ में इलाज चल रहा है।

## आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ के खिलाफ केस दर्ज

**फीस का दबाव बनाकर छात्रा को सुसाइड को उकसाया, 22 घंटों से धरने पर बैठे स्टूडेंट्स**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के खिलाफ देर रात मुकदमा दर्ज कर लिया गया। छात्रा अनु की सुसाइड के बाद उसके पिता ओमकार गोयल ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर बेटी को प्रताड़ित करने और मानसिक दबाव बनाकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। इसी आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है वहीं, छात्रा की मौत के बाद पिछले 22 घंटों से यूनिवर्सिटी गेट पर छात्रों का धरना जारी है। प्रदर्शन में आईआईएमटी के छात्रों के साथ बाहरी छात्र भी शामिल हैं। छात्र नेता शान मोहम्मद और मेरठ कॉलेज के छात्र नेता विजित तालियान भी धरने में मौजूद हैं। छात्रों का कहना है कि जब तक मेरी मांगी नहीं मानी जाती है, तब हम नहीं हटेंगे। दरअसल, बुधवार सुबह यूनिवर्सिटी के हॉस्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत हो गई थी। सहारनपुर निवासी छात्रा टइअ फाइनल ईयर की स्टूडेंट थी। छात्रा की मौत के बाद यूनिवर्सिटी के छात्र बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए। छात्रों ने आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्र-छात्राओं के साथ बेहद खराब व्यवहार करता है और उनके साथ भेदभाव किया जाता था। इसी मानसिक तनाव के कारण कई स्टूडेंट्स आत्महत्या जैसे गलत कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं। मामले में पुलिस ने मृतक छात्रा की रूममेट कीर्ति से पूछताछ की। घटना की सूचना मिलते ही छात्रा के परिजन भी यूनिवर्सिटी पहुंच गए। घटना गंगानगर थाना क्षेत्र की है। सहारनपुर निवासी ओमकार गोयल ने अपनी तहरीर में लिखा- मेरी बेटी अनु गोयल मेरठ के गंगानगर स्थित आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में टइअ सेकेंड ईयर, फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा थी। 20 मई 2026 को हमें कॉलेज की ओर से सूचना मिली कि हमारी बेटी ने सुसाइड कर लिया है। मेरी बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। कॉलेज प्रशासन ने उस पर मानसिक दबाव बनाया और उसका उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसने यह कदम उठाया। उन्होंने आगे लिखा- मेरी बेटी की मौत के सही कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। कॉलेज प्रशासन की भूमिका की भी जांच हो और यदि किसी प्रकार का दबाव, उत्पीड़न या लापरवाही सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### हॉस्टल के रूम नंबर- 67 में रहती थी अनु

छात्रा अनु गुप्ता आईआईएमटी के सरोजनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। उसका रूम नंबर 67 तीसरी मंजिल पर है। सुबह करीब 9.30 बजे उसका खून से लथपथ शव हॉस्टल के नीचे बने जिम के बाहर पड़ा दिखा। काम करने वाली मेड ने सबसे पहले छात्रा की डेडबॉडी देखी। उसने अन्य छात्राओं को बताया।छात्राओं ने इसकी जानकारी कॉलेज प्रशासन को दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद छात्रा के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से मामा-भांजी की मौत

**महिला गंभीर रूप से घायल, बुलंदशहर से गाजियाबाद जा रहे**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के दादरी में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मामा और उसकी पांच वर्षीय भांजी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना दादरी थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर दादरी बाईपास एनटीपीसी अंडरपास के पास हुई। बुलंदशहर निवासी शहजाद अपनी बहन और पांच वर्षीय भांजी को गाजियाबाद के डासना लेकर जा रहा था। जैसे ही वे बाईपास पर पहुंचे, पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने शहजाद और बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। एसीपी दादरी प्रशाली गंगवार ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार वाहन की तलाश कर रही है।

## मेरी बेटी संग जो हुआ, किसी के साथ न हो'

**नोएडा में दीपिका के पिता से विधायक ने की मुलाकात, अब तक चार आरोपी गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा में दीपिका नागर की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस ने अब तक पति, ससुर, चचेरे ससुर और सास समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मायके पक्ष ने दहेज हत्या बताते हुए आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। दीपिका की मौत के बाद सोशल मीडिया पर भी मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ मायका पक्ष न्याय की मांग कर रहा है, तो दूसरी ओर पति ऋतिक के समर्थन में जस्टिस फॉर ऋतिक अभियान चलाया जा रहा है। दीपिका के पिता का आरोप है कि ससुराल पक्ष शादी के बाद से फॉर्च्यूनर गाड़ी और 51 लाख रुपए की मांग कर रहा था। वहीं, ऋतिक के पड़ोसियों का कहना है कि परिवार दीपिका को बेटी की तरह रखता था और उसके नाम पर संपत्ति व स्कूल तक बनवाया जा रहा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामला ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र का है।

### 11 दिसंबर 2024 को दोनों की शादी हुई थी

ग्रेटर नोएडा के कुड़ी खेड़ा गांव में रहने वाले संजय नागर दिल्ली जल बोर्ड में काम करते हैं। संजय नागर ने बताया कि मैंने अपनी बेटी दीपिका नागर की शादी 11 दिसंबर, 2024 को जलपुरा के रहने वाले ऋतिक के साथ की थी। दीपिका ने बीएड कर रखा था, जबकि पति रितिक लॉ सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है। मैंने शादी में करीब 1 करोड़ रुपए खर्च किए थे। टॉप मॉडल की स्कॉर्पियो गाड़ी दी थी। शादी के बाद से ससुराल वाले मेरी बेटी को परेशान कर रहे थे।संजय नागर ने बताया- 17 मई को बेटी दीपिका का मेरे पास फोन आया था।

## युवक की गोली मारकर हत्या

**ड्यूटी पर जाते समय बदमाशों ने की फायरिंग, अस्पताल में मौत**

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , ईकोटेक थर्ड थाना क्षेत्र में रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैदपुरा गांव निवासी 28 साल के दीपक नागर को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। ड्यूटी पर जाते समय हुआ हमलाजानकारी के मुताबिक दीपक नागर दिल्ली में आईजीएल पंप के अग्निशमन विभाग में कार्यरत थे और रात की ड्यूटी करते थे। रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी बाइक से गाजीपुर स्थित कंपनी में ड्यूटी के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि गांव से बाहर निकलते ही पहले से घात लगाए बाइक सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार हमलावरों ने दीपक पर पांच से छह गोलियां चलाईं। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और आरोपी मौके से फरार हो गए।

### अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल दीपक को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही ईकोटेक थर्ड थाना पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

# कई जन्मों के पुण्यों का उदय होने पर सत्संग सुनने का अवसर मिलता है - रमाकांत व्यास

**श्रीराम महायज्ञ में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



ककरबई। ककरवई क्षेत्र के कचीर मौजे में स्थित सिद्धपीठ चकाडोरी आश्रम में गोलोकवासी संत नरसिंह दास महाराज की तपोस्थली पर आयोजित श्रीराम महायज्ञ के प्रथम दिवस वैदिक विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। यज्ञाचार्य धनंजय दास तिवारी ने यजमानों से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में अग्नि प्रज्ज्वलित कराई तथा आहुतियां दिलवाईं। इसके बाद यज्ञ वेदी का पूजन किया गया। वहीं भगवताचार्य रमाकांत व्यास महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए भागवत महात्म्य की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अनेक जन्मों के पुण्यों के उदय होने पर ही मनुष्य को भागवत कथा और सत्संग सुनने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में हर व्यक्ति किसी न किसी दुख से पीड़ित है, सच्चा सुख केवल भगवान की भक्ति में ही है। कथा में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा की आरती श्रीमद्भागवत पुराण के परीक्षित अंजुलता एवं हरिशंकर तिवारी ने की। कार्यक्रम में महंत राकेश दास महाराज, मुख्य यजमान रमाकांत मिश्रा सहित नितुल व्यास, महेशचंद्र बिदुआ, विकास तिवारी, कैलाश तिवारी, परमेश्वरी दयाल तिवारी, अरविंद्र गुप्ता, श्रीप्रकाश द्विवेदी, गिरजाशंकर मिश्रा, दिनेश अग्रवाल, पीतम यादव, श्याम सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से कार तालाब में गिरी, तीन लोगों ने कूदकर बचाई जान



अमन लेखनी समाचार

बेहंदर। संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर शनिवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अल्लीपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे करीब 10 फीट नीचे तालाब में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार में चालक समेत तीन लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि कार का आगे का शीशा तोड़कर सभी लोग किसी तरह बाहर निकले और अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत कार्य में जुट गए। ग्रामीणों की मदद से सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मीरजापुर में प्रधान की जमीन पर अवैध खनन का घिनौना खेल!

**गुंडा एक्ट के आठ मुकदमे झेल रहे दबंग भाईयों ने जबरन खोदी मिट्टी, मारपीट और जान से मारने की धमकी**

अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर – थाना जिगना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काशी सरपती में दबंगाई और अवैध खनन की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। गांव के प्रधान सतीश निषाद की अपनी ही जमीन पर गुंडा तत्वों ने जेसीबी चढ़ाकर जबरन मिट्टी खोद ली। आरोप है कि आरोपी अपनी ईंट भट्ठे के लिए दूसरे की जमीन लूट रहे हैं और प्रशासन की आँखों में धूल झोंक रहे हैं।ग्राम प्रधान सतीश निषाद पुत्र श्यामधनी निषाद ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि प्रवीण कुमार यादव, प्रदीप यादव और अनिल यादव नामक तीनों भाई "शिव ईंट उद्योग" चलाते हैं। ये व्यक्ति गांव में गुंडा-दबंग के रूप में जाने जाते हैं और इनके खिलाफ थाना जिगना में गुंडा एक्ट समेत कुल 8 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें मारपीट, जान से मारने की धमकी, एससी/एसटी एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराएं शामिल हैं।घटना का विवरण।2 मई 2025 को सुबह करीब 10 बजे आरोपियों ने जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर प्रधान सतीश निषाद की सहखातेदारी वाली आराजी संख्या 176 (रकबा 0.8290 हेक्टेयर) से मिट्टी खोदना शुरू कर दिया। जब प्रधान ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इन आरोपियों को केवल गाटा संख्या 245 पर मिट्टी खनन की अनुमति मिली थी, लेकिन उन्होंने गाटा 176 पर अवैध खनन किया। भू-नक्शे में दोनों गाटों की स्थिति साफतौर पर अलग-अलग दिख रही है।प्रशासन की रिपोर्ट में पुष्टि खनिज मोहर्रिर दीपक राजभर की 24 अक्टूबर 2025 की जांच रिपोर्ट में अवैध खनन की पुष्टि हुई।लेखपाल उमेश तिवारी ने 1 दिसंबर 2025 और 1 जुलाई 2025 को मौके पर जाकर अवैध खनन की पुष्टि की और मामले को खनन विभाग को अग्रसारित किया।15 जून 2025 को ग्राम पंचायत में जेसीबी और डंपर से मिट्टी निकालने की तस्वीरें भी उपलब्ध हैं।प्रधान सतीश निषाद ने आरोप लगाया कि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और पूरे गांव में भय का माहौल बना रखा है। पुलिस ने दो बार (2 मई और 16 जून 2025) में मामला दर्ज किया, लेकिन अवैध खनन अभी भी नहीं रुका है।प्रशासनिक लापरवाही? वर्तमान में सत्र 2024-25 की खनन अनुज्ञप्ति समाप्त हो चुकी है और नए सत्र 2025-26 के लिए कोई नई अनुमति जारी नहीं हुई है। इसके बावजूद अवैध खनन लगातार जारी है। पीड़ित प्रधान ने अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन से गुंडा एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोग इस घटना को लेकर आक्रोशित हैं और पूछ रहे हैं कि क्या दबंगों के सामने प्रशासन पूरी तरह बेबस हो गया है? खबर आईजीआरएस शिकायत, राजस्व विभाग की जांच आख्या, लेखपाल रिपोर्ट और भू-नक्शे के आधार पर।

## खास समाचार

# कोन पुलिस द्वारा 04 अंतर्राज्यीय गौतस्करों को किया गया गिरफ्तार

**क्रूरता पूर्वक ले जाए जा रहे 15 गोवंश बरामद।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोन पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 21.05.2026 को समय लगभग 21:00 बजे थाना कोन पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम ससनई में कार्रवाई करते हुए 15 गोवंशों को क्रूरता पूर्वक पैदल हांककर ले जा रहे 04 अंतर्राज्यीय गौतस्करों को गिरफ्तार किया गया। बरामद गोवंशों में 09 बैल, 03 गाय, 02 बछिया एवं 01 बछड़ा शामिल हैं। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना कोन पर मु0अ0सं0-99/2026 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। बरामद गोवंशों को नियमानुसार सुपुर्दगी में देते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया।

# डस्ट नियंत्रण अभियान की जिलाधिकारी ने की लाइव मॉनिटरिंग

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ओबरा, रॉबर्ट्सगंज, डाला व अनपरा में हो रहे छिड़काव कार्य का लिया जायजा।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी ने जनपद में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण एवं डस्ट नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए नगर पंचायत ओबरा, नगर पालिका परिषद रॉबर्ट्सगंज, नगर पंचायत डाला एवं अनपरा क्षेत्र में स्मोक गन के माध्यम से किए जा रहे छिड़काव कार्य का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्मोक गन संचालित कर रहे ड्राइवरों से सीधे संवाद स्थापित कर मशीनों के संचालन, छिड़काव की अवधि, प्रभावित क्षेत्रों तथा प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डस्ट प्रभावित क्षेत्रों में नियमित एवं प्रभावी छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को प्रदूषण से राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न नगर निकायों में चल रहे छिड़काव कार्य को विस्तार से देखा तथा मौके पर तैनात अधिकारियों को सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में पर्यावरण संरक्षण एवं वायु गुणवत्ता सुधार हेतु व्यापक स्तर पर अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए डस्ट नियंत्रण एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करें।

# पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण

**यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आये वाहनों/उपकरणों की सघन चेकिंग कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

**क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस रेडियो मेल/रेडियो केन्द्र, साइफर केन्द्र एवं पुलिस लाइन परिसर का किया गया निरीक्षण।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आज दिनांक 22.05.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट एवं अनुशासित बनाए रखने हेतु दौड़ एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। इस दौरान यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आये वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए दंगा नियंत्रण उपकरण, वायरलेस सेट, प्राथमिक उपचार किट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की कार्यशीलता परखी गयी तथा वाहन चालकों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस रेडियो मेल/रेडियो केन्द्र, साइफर केन्द्र, बैरक एवं पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही मेस में भोजन की गुणवत्ता की जांच एवं पुलिस कर्मियों के शस्त्र तथा बीट बुक का निरीक्षण भी किया गया। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी सोनभद्र में नियुक्त आरक्षी अजीत यादव को उनके सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि आरक्षी अजीत यादव द्वारा दिनांक 22.05.2026 को अपनी त्वरित सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय देते हुए कुल 52.2 कि0ग्रा0 अवैध गांजा बरामद कर अपराध एवं मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया था। उक्त उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ0 चारू द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय, प्रतिसार निरीक्षक मो0 नदीम सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु रेलवे प्रशासन एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर

## शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

अमन लेखनी समाचार




धनबाद। पूर्व मध्य रेल के धनबाद मंडल द्वारा दूरस्थ एवं अपेक्षाकृत कम शैक्षिक सुविधाओं वाले क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी पहल की गई है। इसी क्रम में आज बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु रेलवे प्रशासन एवं केंद्रीय विद्यालय संगठन के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इस अनुबंध के माध्यम से बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय के संचालन एवं भविष्य में इसके स्थायी विकास हेतु आवश्यक संस्थागत एवं प्रशासनिक ढांचा औपचारिक रूप से स्थापित हो गया है। यह पहल क्षेत्र में शैक्षिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के दीर्घकालिक संचालन हेतु 35 वर्षों की लीज पर 9.686 एकड़ रेलवे भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूर्व में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से पूर्ण की जा चुकी है, जिससे विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण का मार्ग पूर्णतः प्रशस्त हो गया है। अनुबंध के हस्ताक्षर के उपरांत केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्तर पर विद्यालय के शीघ्र संचालन हेतु आवश्यक प्रक्रियाएँ प्रारंभ कर दी गई हैं। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के शीघ्र प्रारंभ किए जाने की संभावना है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को निकट भविष्य में ही गुणवत्तापूर्ण केंद्रीय शिक्षा प्रणाली का लाभ मिल सकेगा। प्रारंभिक चरण में विद्यालय का संचालन रेलवे के उपलब्ध भवन में अस्थायी रूप से किया जाएगा। इसके लिए रेलवे प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके। इस पहल के फलस्वरूप बरवाडीह एवं आसपास के क्षेत्रों में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों के बीच अत्यंत प्रसन्नता एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है, क्योंकि अब उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दूरस्थ स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर की भूमिका अत्यंत उल्लेखनीय रही है। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव के सतत मार्गदर्शन एवं धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्र के निर्देशन में सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह अनुबंध सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। धनबाद मंडल का यह प्रयास न केवल रेलवे कर्मचारियों के कल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, बल्कि क्षेत्रीय सामाजिक विकास एवं शैक्षिक उन्नयन की दिशा में भी एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। भविष्य में यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा के नए अवसर सृजित करेगा तथा समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। धनबाद मंडल ऐसे जनहितकारी एवं विकासोन्मुखी प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

# ईद-उल-अजहा को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा (झांसी)। आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडे सहित विभिन्न समुदायों के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने त्योहार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी नहीं की जाएगी तथा किसी नई परंपरा की शुरूआत नहीं होने दी जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को साफ-सफाई, विद्युत एवं जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने लोगों से मस्जिदों एवं ईदगाहों के भीतर नमाज अदा करने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें। कोतवाली प्रभारी सुरजीत सिंह ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो और सभी लोग एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें। बैठक में एसआई कृष्णा यादव, अधिवक्ता ओमप्रकाश खरे, हाफिज शफीक साहब, डॉ. ओमप्रकाश दौदेरिया, सतीशचंद्र अग्रवाल, ब्रजकिशोर मिश्रा, गोविंद नारायण गुप्ता, रामसिंह यादव, अनुज दुबे, दीपक गुप्ता, हारुन खां, फजल अहमद सहित बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर की गंगा गैस एजेंसी पर 33 लाख का जुर्माना

**होम डिलीवरी में लापरवाही, उपभोक्ताओं को रात भर गोदाम पर रुकने को किया मजबूर— बीपीसीएल की सख्त कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। उपभोक्ताओं की लगातार शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने गंगा गैस एजेंसी पर बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी ने एजेंसी पर 33 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी न करने, वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था फैलाने और मनमानी करने के आरोपों के चलते की गई है। जानकारी के मुताबिक, गंगा गैस एजेंसी के खिलाफ लंबे समय से उपभोक्ताओं द्वारा शिकायतें की जा रही थीं। शिकायतों में प्रमुख रूप से यह सामने आया कि एजेंसी जानबूझकर उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की सुविधा नहीं दे रही थी। इसके बजाय लोगों को एजेंसी और गैस गोदाम के बाहर लंबी लाइनों में खड़ा होने के लिए मजबूर किया जा रहा था, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एजेंसी की कार्यप्रणाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर पाने के लिए रात में ही गोदाम के बाहर पहुंचकर इंतजार करना पड़ता था। लोग शाम से ही लाइन में लग जाते थे और पूरी रात खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर होते थे, ताकि सुबह नंबर लग सके। इसके बावजूद, जब वितरण शुरू होता था तो कई उपभोक्ताओं को यह कहकर लौटा दिया जाता था कि गैस खत्म हो गई है या स्टॉक उपलब्ध नहीं है। महिलाएं, बुजुर्ग और दूर-दराज से आने वाले लोग इस अव्यवस्था से सबसे ज्यादा प्रभावित होते थे। पूरी रात इंतजार करने के बाद भी खाली हाथ लौटना उनके लिए न केवल समय और पैसे की बबार्दी थी, बल्कि मानसिक और शारीरिक परेशानी का कारण भी बन रहा था। उपभोक्ताओं ने इसे अमानवीय स्थिति बताते हुए कई बार शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी के कर्मचारियों पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने और वितरण में पारदर्शिता न बरतने के भी आरोप लगे हैं। जांच में यह भी सामने आया कि एजेंसी द्वारा कृत्रिम रूप से लाइन लगवाकर वितरण किया जा रहा था, जो कंपनी के दिशा-निर्देशों के विपरीत है। बीपीसीएल द्वारा की गई जांच में शिकायतों को सही पाया गया। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि एजेंसी ने कंपनी के नियमों और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है तथा उपभोक्ता सेवाओं में गंभीर लापरवाही बरती है। विशेष रूप से होम डिलीवरी जैसी बुनियादी सुविधा में कोताही को कंपनी ने गंभीर "मिसकंडक्ट" माना। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध और सुविधाजनक होम डिलीवरी उपलब्ध कराई जाए। इसके बावजूद गंगा गैस एजेंसी द्वारा इन निर्देशों की अनदेखी की गई, जिसके चलते यह सख्त कार्रवाई

# दो हफ्ते से अंधेरे में अम्मा टोला, ट्रांसफार्मर न बदलने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



डाला/सोनभद्र। सब स्टेशन परास पानी अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के अम्मा टोला में बीते दिनों आई तेज आंधी और बारिश के दौरान भालूपर टोला का 25 केवी ट्रांसफार्मर गिरकर जल गया था। घटना के बाद से पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था ठप पड़ी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग को कई बार सूचना देने के बावजूद दो सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया, जिससे भीषण गर्मी में लोगों का जीवन दूभर हो गया है। शुक्रवार दोपहर बाद नाराज ग्रामीणों ने महादेव सेना ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्भय चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन और बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित कराते हुए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग उठाई। ग्रामीणों ने बताया कि आंधी-पानी के दौरान ट्रांसफार्मर जलकर जमीन पर गिर गया था। इसके बाद से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। भीषण गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रात में अंधेरा और दिन में उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग को कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से लवकेश प्रजापति, निर्भय चौधरी, सुशील त्रिपाठी, राजेंद्र कुशवाहा, अनिल, अवधेश कुशवाहा, रोहित साहनी, शिवदत्त, पप्पू कुशवाहा और छविनाथ साहनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पैसों के विवाद में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गुरसरांय। थाना क्षेत्र के ग्राम परसुबा में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार राहुल कुमार पुत्र गोविंदास प्रजापति (30) का गांव के ही एक व्यक्ति से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली राहुल के बाएं कंधे में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजन व ग्रामीण घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसरांय लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर रवि अनुरागी ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।


मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

मुंबई। मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।



## लाइफ Style

# रिद्धि

## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसे दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

## हॉलीवुड मसाला




# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

लॉस एंजिल्स। सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

मुंबई। मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

मुंबई। शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

## टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

नई दिल्ली। महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

नई दिल्ली। इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

मुंबई। ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

मुंबई। 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

### खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।